दैनिक
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 2 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 6 | आंचलिक 7 | मनोरंजन, खेल

RNI NO.CHHHIN/2012/41806 रायपुर, बुधवार 29 मार्च 2023, कृष्ण पक्ष अष्टमी, विक्रम संवत-2080 वर्ष-12 अंक-47 पृष्ठ-08 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

आज बेबाक

पिछले तीन दिनों से कुछ खबरिया चैनलों में माफिया के महिमामंडन की होड़ लगी हुई है। उत्तर प्रदेश के कुख्यात आपराधि अतिक अहमद को इस कदर कव्हरेज दिया गया है मानो वह कोई बहुत बड़ी तोप हो। पिपली लाईव फिल्म में ऐसे ही खबरिया चैनलों की जमकर खबर ली गई थी जिन्हे अपनी टीआरपी बढ़ाने के लिए नत्था को शौच करते दिखाने में भी घिन नहीं आई थी। अतिक अहमद के मामले में खबरिया चैनलों को ऐसा सौभाग्य नहीं मिला तो उसे मुत्रत्याग करते हुए दिखाकर उन्होंने संतोष कर लिया। क्या करें गंदा है पर धंधा है।

//-- सुविचार --//

पंछी कभी अपने बच्चों के भविष्य के लिए घोंसले बनाकर नहीं देते, वे तो बस उन्हें 'उड़ने' की कला सिखाते हैं।

जनसंख्या

विश्व : 8,024,408,865

भारत : 1,417,947,657

बाजार

सेंसेक्स : 57613.72

निफ्टी : 16951.70

गोल्ड : 59,600 प्रति 10 ग्राम

चांदी : 73,000 प्रति किग्रा

अण्डा दर : 4.36 प्रति नग

प्रदेश का मौसम

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रायपुर	36.0	24.6
बिलासपुर	35.0	22.0
जगदलपुर	33.8	20.5
अंबिकापुर	29.8	19.2

आज का घटनाएँ

28 मार्च : 1461 में यॉर्कशायर की सेना ने यॉर्कशायर, इंग्लैंड के टॉटनटन में लंकेस्ट्रियन बलों को हराया, वार्स ऑफ द रोज़ेस में सबसे बड़ी लड़ाई उस समय तक लगभग 20,000 हताहतों की संख्या के साथ हुई। 1549 में ब्राजील की पहली राजधानी सल्वाडोर द बहिया की नींव डाली गई। 1638 में स्वीडिश बसने वालों ने डेलावेयर बे के पास न्यू स्वीडन की स्थापना की, जो अमेरिका में स्वीडिश कॉलोनी था। 1799 में न्यूयॉर्क में राज्य में धीरे-धीरे दासता को खत्म करने के उद्देश्य से कानून पारित किया गया। 1806 में राष्ट्रीय सड़क निर्माण के लिए अधिकार दिया गया। 1807 में हेनरिक विल्हेम मथायस ओल्बर्स ने एस्टरॉयड वेस्टा का पता लगाया। 1807 में जर्मन खगोलशास्त्री हेनरिक विल्हेम मैथियस ओलियर्स ने yVesta की खोज की, जो सबसे चमकीला क्षुद्रग्रह है और थिएस्टरॉइड बेल्ट में दूसरा सबसे विशाल शरीर है।

छत्तीसगढ़ में एक बार फिर ईडी की रेड

नेताओं और बड़े उद्योगपतियों के ठिकानों पर दी दबिश

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर समेत कई शहरों में एक बार फिर ईडी ने छापेमारी की है। बताया जा रहा है कि प्रदेश में कोयला कारोबारी सारडा ग्रुप, कांग्रेस नेता और आईएएस, आइपीएस अधिकारियों के घर ईडी की टीम ने मंगलवार को सुबह दबिश दी। रायपुर, दुर्ग-भिलाई, बिलासपुर और रायगढ़ में ईडी की टीम पहुंची है। ईडी की छापेमारी इस बार उद्योगपतियों के साथ-साथ नेताओं और अधिकारियों के ठिकानों पर एक साथ हुई। छापेमारी के दौरान ईडी की दिल्ली और छत्तीसगढ़ की टीम शामिल है। उल्लेखनीय है कि पिछले छह महीने से ईडी की टीम कोयला परिवहन घोटाले की जांच छत्तीसगढ़ में कर रही है। ईडी की यह कार्रवाई कोयला परिवहन घोटाले में चल रही जांच से जुड़ी बताई जा रही है। खबर है कि ईडी की यह कार्रवाई रायपुर, भिलाई में चल रही है। बिलासपुर, रायगढ़ और कोरबा में भी टीम के मूवमेंट के संकेत हैं। बताया जा रहा है कि रायपुर में मंदिर हसौद के पास ग्राम बहनाकाड़ी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सीएम भूपेश ने बीजेपी नेताओं को ठहराया जिम्मेदार

छत्तीसगढ़ में लगातार हो रही ईडी की रेड को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने बीजेपी नेताओं को जिम्मेदार ठहराया है। उन्होंने कहा कि कोई ऐसा वर्ग नहीं बचा जहां छापा नहीं डाला गया हो। अगर कहीं ईडी की कार्रवाई नहीं होती तो केवल बीजेपी शासित राज्य हैं मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, उत्तराखंड, गुजरात और कर्नाटक। यहां ऐसा लगता है कि ईडी का दफ्तर ही नहीं है। महाराष्ट्र में जब तक उद्धव सरकार थी तब तक ईडी और सीबीआई जैसी सेंट्रल एजेंसिया सक्रिय थी और जैसे ही सरकार बदली खरीद-फरोख्त हुआ, उसके बाद से ईडी का वहां कोई काम नहीं रह गया। सीएम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के नेता और राष्ट्रीय नेताओं के इशारे पर ये सब किया जा रहा है। ईडी निष्पक्ष होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि हिंडनबर्ग के आधार पर अडानी जिनकी संपत्ति में 60 प्रतिशत की कमी आई है, आखिर वहां जाकर ईडी क्यों छापे नहीं मारती। छत्तीसगढ़ में नान और चिटफंड में भी कार्रवाई नहीं करती। महादेव ऐप में कार्रवाई नहीं कर रहे है क्योंकि इसमें बीजेपी शासित राज्यों के नेताओं के भी नाम आ गए हैं।

इन कांग्रेस नेताओं के यहां पड़े थे छापे

इससे पहले ईडी ने कांग्रेस नेताओं के यहां दबिश दी थी। राष्ट्रीय अधिवेशन से ठीक पहले हुई छापेमारी कार्रवाई का कांग्रेस नेताओं ने विरोध भी किया था। पहले प्रदेश कांग्रेस कमेटी के कोषाध्यक्ष रामगोपाल अग्रवाल, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष सन्नी अग्रवाल, भिलाई विधायक देवेंद्र यादव, प्रवक्ता आरपी सिंह और विनोद तिवारी के यहां ईडी की कार्रवाई हुई थी।

रायगढ़ में उद्योगपति के ठिकानों पर छापा

वहीं रायगढ़ जिले में भी ईडी के अधिकारियों के द्वारा उद्योगपति योगेश सिंघल तथा जमीन कारोबारी आलोक स्टेरिया के दबिश देकर अघोषित आय से संबंधित दस्तावेज की छानबीन कर रही है। फिलहाल इसकी जानकारी अपुष्ट है, लेकिन घर के बाहर काफी गहमागहमी का माहौल बना हुआ है। गार्ड व अन्य कर्मचारी कुछ भी जानकारी नहीं होने की बात कह रहे हैं।

बिलासपुर में कारोबारी के ठिकानों पर छापा

वहीं बिलासपुर में भारतीय नगर में अय्यप्पा मंदिर के पास रहने वाले कारोबारी केके श्रीवास्तव के निवास पर सुबह ईडी का छापा पड़ा है। ईडी के अफसर घर के अंदर दस्तावेजों की जांच कर रहे हैं। बाहर सीआरपीएफ के जवानों का पहरा लगा हुआ है। इस दौरान किसी को अंदर जाने और बाहर निकलने नहीं दिया जा रहा है। छापे में क्या मिला है इसका खुलासा नहीं हो सका है।

दो युवकों की जान लेने वाला आदमखोर बाघ पकड़ाया

■ वन विभाग की टीम ने कुमकी हाथी की मदद से पकड़ा

सूरजपुर/नवप्रदेश। सूरजपुर जिले के ओड़गी अंतर्गत कालामांजन के जंगल में सोमवार सुबह गए तीन ग्रामीणों पर हमला करने वाले बाघ को वनविभाग की टीम ने ट्रेंक्युलाइज कर पकड़ लिया है। बाघ के हमले में दो ग्रामीणों की मौत हो गई थी एवं एक अन्य गंभीर रूप से घायल है। अपने बचाव में ग्रामीणों ने बाघ पर टांगियों से वार किया था, जिससे बाघ घायल हो गया था। घायल बाघ के रेस्क्यू के लिए सोमवार से ही अभियान चलाया गया था। मंगलवार सुबह बाघ झाड़ियों में छिपा मिला। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

बाघ के सिर में गंभीर चोट

सोमवार को बचने की कोशिश में ग्रामीणों ने उस पर कुल्हाड़ी से हमला किया था। बाघ के सिर पर चोट है। अफसरों ने कहा कि घायल बाघ काफी अंदर छिपकर बैठा हुआ था। कुमकी हाथी, डॉक्टरों और एक्सपर्ट की टीम की मदद से बाघ को ट्रैंकुलाइज किया गया। उसे प्राथमिक चिकित्सा दी गई है। बेहतर इलाज के लिए जंगल सफारी भेजा जाएगा। बेहोश होने के बाद बाघ को स्ट्रेचर पर लिटाकर बाहर निकाला गया। इसके बाद उसे पिंजरे में बंद किया गया है। वहीं बाघ को देखने के लिए मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। ग्रामीणों ने उसका वीडियो बना लिया और फोटो खींची। बाघ का रेस्क्यू करने के बाद वन विभाग की टीम ने भी राहत की सांस ली है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लालू को सुको से मिली बड़ी राहत
सीबीआई की दायर याचिका खारिज

नई दिल्ली। चारा घोटाले मामले में आरजेडी सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव को एक बार फिर मुश्किलों में घिरते हुए नजर आ रहे हैं। हाल ही में खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सीबीआई ने एक अर्जी दाखिल की थी। जिसमें सीबीआई का कहना था कि लालू यादव का जमानत रद्द किया जाना चाहिए। लेकिन कोर्ट ने चारा घोटाले से जुड़े डोरंडा कोषागार मामले में सीबीआई के दाखिल याचिका को खारिज कर दिया है। अदालत ने कहा कि इस तरह का मामला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लालू परिवार की मुश्किलें

लालू परिवार की मुश्किलें यहीं समाप्त नहीं होने वाली है। लालू परिवार को इस समय एक और मुसीबत से दो-चार होना पड़ रहा है। हाल ही में सीबीआई उनके परिवार पर जमीन के बदले नौकरी मामले में पूछताछ की है। सीबीआई ने इस मामले में बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और राज्यसभा सांसद मीसा भारती से भी पूछताछ की है। ईडी इस मामले में मनी लॉन्ड्रिंग के तौर जांच कर रही है। स्पेशल कोर्ट ने 15 मार्च को लालू यादव, राबड़ी देवी और मीसा भारती को जमानत दे दी थी। बीते दिनों लालू यादव के आवास पर छापेमारी की गई थी।

600 करोड़ के हेरफेर का आरोप

गौरतलब है कि, ईडी ने लालू यादव पर 600 करोड़ रुपये के हेरफेर करना का आरोप लगाया था। छापेमारी के दौरान उनके घर से 1 करोड़ रुपये बरामद हुए थे। आरोप है कि जब लालू यादव केंद्र में रेल मंत्री थे, तब उन्होंने नौकरी दिलवाने के बदले संपत्ति ली थी। साथ ही उन पर यह भी आरोप है कि उन्होंने 2004-2009 के दौरान ग्रुप डी में गलत तरीके से लोगों को भर्ती करवाया था।

बंगला छोड़ने के नोटिस पर राहुल बोले, आदेश मानूंगा

नई दिल्ली। सांसदी रद्द होने के बाद राहुल गांधी को बंगला खाली करने का नोटिस भेजा गया। इस पर उन्होंने मंगलवार को लोकसभा सचिवालय के डिप्टी सेक्रेटरी डॉ. मोहित रंजन को लिखित जवाब भेजा। राहुल ने लिखा- मैं 4 बार लोकसभा सांसद चुना गया। यह लोगों का जनादेश है। मैं उन लोगों का शुक्रगुजार हूं। मेरी इस घर से कई अच्छी यादें जुड़ी हुई हैं। मैं नोटिस में दिए गए आदेशों का पालन करूंगा। वहीं लोकसभा सचिवालय के राहुल गांधी को बंगला खाली करने के नोटिस पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, 'सरकार राहुल गांधी को कमजोर करने की हर संभव कोशिश करेगी। अगर वे बंगला खाली करते हैं तो अपनी मां के साथ या मेरे पास आ सकते हैं। मैं एक बंगला खाली कर दूंगा।' बता दें कि लोकसभा सचिवालय ने 27 मार्च को राहुल को बंगला खाली करने का नोटिस मिला था। लोकसभा हाउसिंग कमेटी ने उन्हें 12 तुगलक रोड का सरकारी आवास खाली करने के लिए नोटिस जारी किया था।

माफिया अतीक अहमद को उम्रकैद
किडनैपिंग केस में अशरफ समेत 7 बरी

प्रयागराज। माफिया अतीक अहमद को प्रयागराज की एमपी-एमएलए कोर्ट ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। 17 साल पुराने उमेश पाल अपहरण केस में यह सजा सुनाई है। पुलिस रिकॉर्ड में अतीक गैंग पर 101 मुकदमे दर्ज हैं। यह पहला मामला है, जिसमें अतीक दोषी ठहराया गया और सजा मिली है। अतीक के अलावा खान सौलत और दिनेश पासी को भी उम्रकैद की सजा सुनाई गई है। जज दिनेश चंद्र शुक्ल ने मामले में अतीक के भाई अशरफ उर्फ खालिद अजीम समेत फरहान, जावेद उर्फ बज्जू, आबिद, इसरार, आशिक उर्फ मल्ली, एजाज अख्तर को बरी कर दिया है। कोर्ट के फैसले के बाद उमेश पाल की मां शांति देवी ने कहा- मेरा बेटा शेर की तरह लड़ा था। अतीक को फांसी की

फैसले से पहले अतीक को सुप्रीम कोर्ट से झटका

इस बच, उमेश पाल मर्डर केस में सुप्रीम कोर्ट ने अतीक अहमद की सुरक्षा देने की अपील खारिज कर दी है। अतीक ने याचिका में कहा था कि जब तक वो उत्तर प्रदेश पुलिस की कस्टडी में है, उसे सुरक्षा दी जाए। अतीक ने कहा था कि वह यूपी की जेल में शिफ्ट नहीं होना चाहता। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने अतीक के वकील से कहा कि अपनी शिकायत लेकर हाईकोर्ट जाइए।

सजा होनी चाहिए। पत्नी जया पाल ने कहा- योगी जी मेरे पिता समान हैं। वह हमारे परिवार का ध्यान रखेंगे। उमेश की मां शांति देवी ने कहा- अतीक अहमद ने मेरे बेटे का मर्डर कराया। तीन-तीन लोगों की जान गई। वो पुराना खुंखार बदमाश और डकैत है, वो नोटों के बल पर कुछ भी कर सकता है। इसलिए मुख्यमंत्री से मेरी मांग है कि उसे फांसी दी जाए। मेरा सिर्फ एक बेटा नहीं मारा गया, दो सुरक्षाकर्मी भी मारे गए। ऐसे में मेरे तीन बेटे मारे गए हैं। उसे अपहरण मामले में भले ही उम्रकैद की सजा सुनाई है, लेकिन मर्डर केस में उसे फांसी दी जाए। उमेश पाल की पत्नी जया पाल ने कहा- मैं घर पर अकेली हूं। इसलिए मुख्यमंत्री जी से मांग करती हूं कि मेरी सुरक्षा ■ शेष पृष्ठ 6 पर

संसद के दोनों सदन में विपक्ष का जोरदार हंगामा, बुधवार तक स्थगित

नई दिल्ली। संसद के दोनों सदन लोकसभा और राज्यसभा में मंगलवार को 11वें दिन भी जमकर हंगामा हुआ। दो बजे दोबारा शुरू हुई राज्यसभा और लोकसभा की कार्रवाई नारेबाजी के बीच बुधवार तक के लिए स्थगित कर दी गई। लोकसभा में अध्यक्ष के तौर पर रमा देवी ने कुर्सी संभाली। लेकिन विपक्षी सांसद 'सेव डेमोक्रेसी' के पोस्टर लहराने लगे। कार्रवाई के बीच कुछ सांसदों ने 'मोदी जी शर्म करो' के नारे लगाने शुरू कर दिए। इसके बाद लोकसभा भी बुधवार 29 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी गई है। इसके पहले सुबह के सत्र में कांग्रेस समेत विपक्षी दलों ने अडाणी मामले पर

जेपीसी की मांग और राहुल गांधी की सदस्यता खत्म करने के मुद्दे पर हंगामा किया। वहीं भाजपा के सांसदों ने राहुल गांधी से माफी की मांग को लेकर नारेबाजी की। इसके बाद दोनों सदन दोपहर 2 बजे तक के लिए स्थगित कर दिए गए थे। लोकसभा में विपक्षी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

लड़ाई के लिए तैयार रहें : मोदी

बीजेपी ने सदन शुरू होने के डेढ़ घंटे पहले संसदीय समिति की बैठक की। जिसमें सबसे पहले पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा ने सभी सांसदों और मंत्रियों की मौजूदगी में पूर्वोत्तर में मिली जीत के बाद प्रधानमंत्री का सम्मान किया। मीटिंग में पीएम मोदी ने पार्टी नेताओं से स्ट्रॉन्ग फाइट के लिए तैयार रहने कहा। मोदी बोले- जैसे-जैसे पार्टी आगे बढ़ेगी, विपक्ष के हमले तेज होते रहेंगे। पीएम मोदी ने 15 मई से 15 जून तक सभी सांसदों को अपने क्षेत्र का दौरा करने के लिए कहा है। साथ ही भाजपा सरकार के 9 साल पूरे होने पर किसी भी माध्यम से प्रचार करने को कहा है। बैठक में 6 अप्रैल को भाजपा के स्थापना दिवस को लेकर प्लानिंग हुई। पार्टी 6 अप्रैल से 14 अप्रैल यानी बीआर अंबेडकर की जयंती तक सोशल जस्टिस वीक मनाएगी।

विपक्ष की आवाज दबाना चाहती है सरकार

उद्धव गुट के नेता और सांसद संजय राउत ने कहा कि हम विपक्ष के साथ रहेंगे। विपक्ष जो भी फैसला करेगा हम उसका पालन करेंगे। संसद की कार्यवाही नहीं हो रही है। जिम्मेदारी सरकार पर है। वह नहीं चाहती कि संसद चले। वे सभी गंभीर मुद्दों पर विपक्ष की आवाज को दबाना चाहते हैं। हालांकि एक दिन पहले सावरकर पर दिए राहुल गांधी के बयान को लेकर उद्धव गुट के सदस्य कांग्रेस अध्यक्ष के घर पर हुई 18 विपक्षी पार्टियों की बैठक में शामिल नहीं हुई थी।

सावरकर के पोते ने कहा- राहुल गांधी माफी मांगें, वरना एफआईआर करूंगा

नई दिल्ली। सावरकर के पोते रंजीत सावरकर ने मंगलवार को कहा कि राहुल गांधी उनके दादाजी पर दिए बयान पर माफी मांगें। रंजीत ने कहा कि अगर राहुल ऐसा नहीं करते हैं तो वे उनके खिलाफ एफआईआर करेंगे। बता दें कि राहुल गांधी ने अपनी संसद सदस्यता रद्द होने के बाद 25 मार्च को प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। इसमें उनसे सवाल पूछा गया कि भाजपा आपसे बार-बार माफी की मांग कर रही है। राहुल गांधी ने जवाब दिया था कि वह गांधी हैं, सावरकर नहीं। वो माफी नहीं

मांगेंगे। रंजीत सावरकर ने मंगलवार को मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि 'उद्धव ठाकरे और संजय राउत के मन में सावरकर के लिए बहुत सम्मान है, लेकिन जब तक वो इस मुद्दे पर अपना समर्थन नहीं देते, इसका कोई मतलब नहीं रह जाता। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

गरमा-गरम

प्लान — बीजेपी को घेरने विपक्ष ने कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे के घर बनाई प्लानिंग, पूरे देश में प्रदर्शन की तैयारी

खड़गे की मीटिंग में न पहुंच कर उद्धव ठाकरे ने दिखाया रोष

नई दिल्ली। मोदी सरनेम को लेकर हाल ही में कांग्रेस नेता राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता को रद्द कर दिया गया है। जिसके बाद से कांग्रेस पार्टी व अन्य विपक्षी दल भारतीय जनता पार्टी पर हमलावर हैं। सदन की सदस्यता खत्म होने पर राहुल गांधी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बीजेपी पर जोरदार हमला बोला था और कहा था कि मैं वीर सावरकर नहीं बल्कि राहुल गांधी हूं, माफी नहीं मांगूंगा। इस बयान पर महाराष्ट्र के पूर्व सीएम उद्धव ठाकरे ने नाराजगी जताई थी और सावरकर पर बयान न देने की नसीहत भी दे डाली थी। वहीं अब कांग्रेस नेता के इसी बयान पर घमासान ■ शेष पृष्ठ 6 पर

विपक्षी दल घेरने की कर रहे हैं तैयारी : खड़गे की आवास पर उद्धव के न पहुंचने पर बड़ी देर रात तक चर्चा हुई और सभी ने सहमति जताई कि पार्टी के नेता सावरकर पर किसी भी तरह की कोई बयानबाजी न करें। सूत्रों की मानें तो बैठक में बीजेपी को घेरने के लिए प्लान बनाया गया। इस बैठक में केंद्र सरकार से अडानी मामले की जांच जेपीसी के द्वारा और राहुल गांधी की सदस्यता खत्म होने पर चर्चा हुई और अपना प्रदर्शन सरकार के खिलाफ और तेज करने की सहमति बनी।

सावरकर हैं भगवान

इसी बयान को लेकर उद्धव ठाकरे ने राहुल गांधी पर हमला बोलते हुए कहा था कि सावरकर ने 14 साल तक अंडमान सेलुलर जेल में अकल्पनीय यातनाएं झेलीं। हम केवल पीड़ाओं को पढ़ सकते हैं। यह बलिदान का एक रूप है। हम सावरकर का अपमान बर्दाश्त नहीं करेंगे। ठाकरे ने आगे कहा था कि अगर राहुल गांधी सावरकर की निंदा करना जारी रखते हैं तो विपक्षी गठबंधन में दरार आ सकती है। उन्होंने यह भी कहा था कि सावरकर हमारे लिए भगवान हैं उनका हम आपमान कभी नहीं सहेंगे।

मीटिंग से नदारद रहे उद्धव

दरअसल, विपक्षी पार्टियां केंद्र सरकार के खिलाफ लामबंद नजर आ रही हैं। केंद्र में बीजेपी की सरकार को घेरने के लिए मल्लिकार्जुन खड़गे ने 17 विपक्षी दलों को अपने दिल्ली स्थित आवास पर डिनर के लिए बुलाया था, ताकि भाजपा के खिलाफ नया मोर्चा तैयार किया जाए। जिसमें तमाम पार्टियों ने दिलचस्पी दिखाते हुए डिनर मीटिंग में भाग लिया। इस बैठक में आम आदमी पार्टी, टीएमसी, डीएमके, एनसीपी, जेडीयू, बीआरएस, आरएस, सीपीएम, सीपीआई, एमडीएमके, केसी, आरएसपी, आरजेडी, एसपी और झामुमो जैसी पार्टियां मौजूद रहीं। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो इस डिनर पार्टी के लिए उद्धव ठाकरे को भी न्योता दिया गया था, लेकिन राहुल गांधी के सावरकर पर दिए गए बयान से नाखुश होकर उद्धव ने डिनर पार्टी से खुद को अलग रखा। राजनीतिक विश्लेषकों की मानें तो उद्धव ने मल्लिकार्जुन के आवास पर न जाकर एक साफ संदेश दे दिया है कि अगर वीर सावरकर पर किसी भी तरह की कोई आपत्तिजनक टिप्पणी होती है तो गठबंधन टूट भी सकता है।

संपादकीय

अखिलेश यादव का बड़बोलापन

कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म हो जाने पर अनेक विपक्षी पार्टियों के नेता उनके समर्थन में बयान देकर यह जताने की कोशिश जरूर कर रहे है कि वे इस मामले में राहुल गांधी के साथ है लेकिन सच तो यह है कि इन नेताओं के मन में लड्डू फूट रहे है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेया के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने की निंदा तो की है लेकिन साथ ही यह बड़ा बोल भी बोला है कि अब कांग्रेस को क्षेत्रीय दलों के पीछे आ जाना चाहिए। अखिलेश यादव का यह बड़बोलापन ही बताता है कि वे राहुल गांधी की संसद सदस्यता खत्म होने से दुखी है या खुश है। यूं तो मोदी सरनेम...एक जाति विशेष से जुड़ा है....जिस पर आपत्तिजनक टिप्पणी को लेकर अदालत ने राहुल गांधी को 2 साल की सजा सुनाई है...नतीजा राहुल गांधी की संसद सदस्यता भी खत्म हो गई है....लेकिन राहुल गांधी के एक जाति विशेष के सरनेम पर दिए गए बयान को भाजपा ओबीसी वर्ग के अपमान तक खींच लाई है....भाजपा नेता हर एक मंच से संदेश देने की कोशिश कर रहे हैं....कि राहुल गांधी और कांग्रेस पिछड़ा विरोधी है ....जिस पर राहुल गांधी और अखिलेश यादव ने तीखा पलटवार किया है अखिलेश यादव ने कहा कि ''मैं देख रहा हूं बीजेपी के नेता कह रहे हैं पिछड़ों का अपमान हो गया. हमारे घर मुख्यमंत्री आवास को गंगा जल से धोया बीजेपी के लोगों ने तब अपमान नहीं हुआ? उन्होंने कहा कि इससे पहले समाजवादी पार्टी के सबसे वरिष्ठ नेता मोहम्मद आज़म खान साहब की सदस्यता छीनी गई, उनके बेटे की सदस्यता छीनी गई और सपा के विधायक हैं रमाकांत यादव उनकी सदस्यता कैसे छीन लें. सपा के दीपक यादव को झूठा फंसा दिया. अखिलेश यादव ने कहा कि रीजनल पार्टीज को अपमानित करने और उन्हें बदनाम करने के लिए ईडी, सीबीआई, इनकम टैक्स से लगातार राष्ट्रीय पार्टियां कोशिश करती हैं. जब कांग्रेस सत्ता में थी तो वह क्षेत्रीय दलों पर ईडी, सीबीआई और इनकम टैक्स के छापे लगवाती थी. आज बीजेपी है. रास्ता वही है. इससे पहले अखिलेश यादव ने दावा किया कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी को लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराना बीजेपी का महंगाई, बेरोजगारी, 'उद्योपति मित्रों' द्वारा भारत के पैसों को डुबाने जैसे मुद्दों से लोगों का ध्यान भटकाने का हथकंडा है। कांग्रेस नेता राहुल गांधी के मामले पर अखिलेश यादव ने कहा कि इसी सरकार के कार्यकाल में मोहम्मद आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्लाह आजम की सदस्यता रद्द की गई. दूसरे प्रदेश के कैडर के अधिकारी को बुलाकर सरकार और प्रशासन के दिशा-निर्देश पर कार्रवाई की गई. बीजेपी नेताओं पर दर्ज मुकदमे की जांच की जाए तो बीजेपी के बड़े नेताओं की सदस्यता रद्द हो जाएगी. उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के कार्यकर्ताओं के साथ गलत हुआ है वैसे ही एक कांग्रेस के नेता के साथ गलत हुआ है. भारतीय जनता पार्टी मुद्दों से भटकाती है।

चन्द्र शेखर गंगराड़े
पूर्व प्रमुख सचिव
छत्तीसगढ़ विधानसभा

भरत जब श्री राम को अयोध्या चलने के लिए अनुरोध करते हैं तब प्रभु श्री राम भरत के प्रेम के कारण ही की भरत की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे इसलिए सोच के कारण भरत को सीधे ना नहीं कह पाते हैं बल्कि श्री भरत को ही पिता द्वारा माता को दिए गए वचन की याद दिलाते हुए अपने कर्तव्य का पालन करने की शिक्षा देते हैं। श्री राम के जीवन चरित्र से हमें इस बात की भी शिक्षा मिलती है कि हमें किसी के मोह में नहीं पड़ना चाहिए। श्री राम का वनवास आदि पहले से ही तय था फिर भी राजा दशरथ पुत्र के मुंह में ऐसे व्याकुल हुए कि उन्हें अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा। इसी बात की सीख हमें महाभारत से भी मिलती है वहां भी पुत्र मोह के कारण ही नीति एवं धर्म के विरुद्ध कार्य होते रहे और धृतराष्ट् पुत्र मोह के कारण इनकी उपेक्षा करते रहे अंततः महाभारत का युद्ध हुआ और कौरवों का समूल नष्ट हुआ।

भगवान श्री राम की महानता एवं आदर्श

रामायण और श्री रामचंद्र भगवान की महिमा का वर्णन करना और उसे शब्दों में बांधना सूरज को दीपक दिखाने के सामान हैं तथापि भगवान श्री राम की महिमा, उनकी उदारता और उनके आदर्श जो हमारे लिए न केवल प्रेरणा स्रोत हैं बल्कि हमारी जीवन संस्कृति का मूल आधार हैं उनके संबंध में संक्षेप में प्रकाश डालने का यह मेरा छोटा सा प्रयास है। आज से हजारों वर्ष पूर्व भगवान श्री राम द्वारा जो आदर्श स्थापित किए गए हैं वह हम सबके लिए आज भी उपयोगी और अनुकरणीय हैं जैसे विपरीत परिस्थितियों में भी शांत और निर्लिप्त रहना कोई श्रीराम से सीखे। जिस दिन उनका राजतिलक होना था उस दिन उन्हें वनवास जाने का निर्णय मालूम पड़ा वह भी किशोरावस्था में जबकि उनका विवाह हुए भी अधिक दिन नहीं हुए थे तब भी उन्हें किंचित मात्र भी दुःख नहीं हुआ बल्कि उनके विछोह में पिता सहित जो दुखी हो रहे थे उन्हें उन्होंने ढांढस बंधाया और माता कैकई को पिता द्वारा दिए गए वचन को निभाने के लिए कमंडल और मुनिवेश धारण कर वन को प्रस्थान कर गए। श्री राम के जीवन चरित्र से हमें यह भी सीख मिलती है कि जहां आपस में निस्वार्थ और गहरा प्रेम है वहां कोई लाख चाहे आपके प्रेम में विघ्न पैदा नहीं कर सकता। उसका प्रत्यक्ष उदाहरण यह है कि भगवान राम ने पृथ्वी पर अवतार ही राक्षसों के नाश के लिए लिया था और यदि भगवान श्री राम को राज्य प्राप्त हो जाता तो देवताओं ने जो राक्षसों के विनाश के लिए रचना रची थी भगवान श्री दशरथ जी के यहां पुत्र के रूप में जन्म लेंगे और पृथ्वी को राक्षसों से मुक्त करेंगे इसलिए सभी देवता ने मां सरस्वती से प्रार्थना की और मां सरस्वती ने केवल जनकल्याण की दृष्टि से ही कैकेई की बुद्धि फेरी और कैकेई ने दासी मंथरा की बातों में आकर श्री राम को वनवास और भरत को राज सिंहासन देने का वर मांगा। अब यहां देखिए यदि कैकेई के मन में अपने पुत्र श्री राम के प्रति निस्वार्थ प्रेम होता और मंथरा के मन में भी संकीर्ण सोच नहीं होती तो शायद मां सरस्वती भी उनकी बुद्धि को नहीं फेरती। इस बात की पुष्टि इस प्रसंग से भी होती है कि वही जब भरत श्री राम को वनवास समाप्त कर अयोध्या लौटने और अयोध्या का राज सिंहासन संभालने के लिए श्री राम से अनुनय विनय करते हैं और जब देवताओं को लगता है कि कहीं श्री राम भरत के अनिरोध को मानकर अयोध्या लौट न जाये तब देवता पुनः मां सरस्वती से प्रार्थना करते हैं और भरत की बुद्धि को फेरने का आग्रह करते हैं लेकिन मां सरस्वती भरत के श्री राम के प्रति प्रेम को देखकर ऐसा नहीं करती। इससे यह भावना बलवती होती है कि प्रेम में जो ताकत है उसे भगवान भी यदि चाहे तो उसमें भेद नहीं कर सकते और श्री राम के प्रति भरत का जो निस्वार्थ समर्पण था उसी प्रकार यदि हम भी भगवान के प्रति विश्वास और समर्पण की भावना रखें तो भगवान भी हमें अपने से अलग नहीं कर सकते।

भरत जब श्री राम को अयोध्या चलने के लिए अनुरोध करते हैं तब प्रभु श्री राम भरत के प्रेम के कारण ही की भरत की भावनाओं को ठेस ना पहुंचे इसलिए सोच के कारण भरत को सीधे ना नहीं कह पाते हैं बल्कि श्री भरत को ही पिता द्वारा माता को दिए गए वचन की याद दिलाते हुए अपने कर्तव्य का पालन करने की शिक्षा देते हैं। श्री राम के जीवन चरित्र से हमें इस बात की भी शिक्षा मिलती है कि हमें किसी के मोह में नहीं पड़ना चाहिए। श्री राम का वनवास आदि पहले से ही तय था फिर भी राजा दशरथ पुत्र के मुंह में ऐसे व्याकुल हुए कि उन्हें अपने प्राणों से हाथ धोना पड़ा। इसी बात की सीख हमें महाभारत से भी मिलती है वहां भी पुत्र मोह के कारण ही नीति एवं धर्म के विरुद्ध कार्य होते रहे और धृतराष्ट् पुत्र मोह के कारण इनकी उपेक्षा करते रहे अंततः महाभारत का युद्ध हुआ और कौरवों का समूल नष्ट हुआ।

श्री राम के चरित्र से इस बात की भी हमारी आस्था और विश्वास प्रबल होता है कि हर चीज की नियति पहले से ही तय है। जन्म लिया है तो मृत्यु होगी और इस जीवन चक्र में इंसान को किन किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ेगा ,कितना संघर्ष करना पड़ेगा यह पहले से ही तय होता है लेकिन फिर भी इंसान उसकी गहराई को ना जानते हुए जरा सी भी विपरीत परिस्थिति आती है तो बेचैन हो जाता है। जब पहले से ही तय था कि भगवान महर्षि कश्यप एवं उनकी पत्नी को दिए गये वर के कारण राजा दशरथ के यहां मनुष्य रूप में जन्म लेंगे और राक्षसों का विनाश करेंगे इसलिए हमें यह सोचना चाहिए कि जब भगवान श्री राम जैसे व्यक्तित्व को राज्य के स्थान पर वन जाना पड़ा तो हम सब भी उसी नियति का हिस्सा है। इसलिए जो हो रहा है उसे ईश्वर की कृपा और प्रारब्ध मानते हुए केवल अपने कर्तव्य,दायित्व और जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे तो कोई परेशानी ही नहीं होगी।

श्री राम के चरित्र से इस बात की भी हमारी आस्था और विश्वास प्रबल होता है कि हर चीज की नियति पहले से ही तय है। जन्म लिया है तो मृत्यु होगी और इस जीवन चक्र में इंसान को किन किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ेगा ,कितना संघर्ष करना पड़ेगा यह पहले से ही तय होता है लेकिन फिर भी इंसान उसकी गहराई को ना जानते हुए जरा सी भी विपरीत परिस्थिति आती है तो बेचैन हो जाता है। जब पहले से ही तय था कि भगवान महर्षि कश्यप एवं उनकी पत्नी को दिए गये वर के कारण राजा दशरथ के यहां मनुष्य रूप में जन्म लेंगे और राक्षसों का विनाश करेंगे इसलिए हमें यह सोचना चाहिए कि जब भगवान श्री राम जैसे व्यक्तित्व को राज्य के स्थान पर वन जाना पड़ा तो हम सब भी उसी नियति का हिस्सा है। इसलिए जो हो रहा है उसे ईश्वर की कृपा और प्रारब्ध मानते हुए केवल अपने कर्तव्य,दायित्व और जिम्मेदारी का निर्वहन ईमानदारी से करेंगे तो कोई परेशानी ही नहीं होगी।

आज का पंचांग (बुधवार, 29 मार्च 2023)

सूर्योदय : 06:29, सूर्यास्त : 06:33
चन्द्रोदय : 10:33, चन्द्रास्तः 25:26

अयन उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय)

ऋतु : बसंत, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : चैत्र, पक्ष : शुक्ल, तिथि : अष्टमी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : सौभाग्य (23:36 से शोभन), प्रथम करण : वणिज (19:02 तक), द्वितीय करण : विष्टि (पूर्ण रात्रि)।

॥ गोचर ग्रहाः ॥

सूर्य : मीन, चंद्र : मिथुन, मंगल : मिथुन (उदित, पश्चिम, मार्गी), बुध : मीन (उदित, पश्चिम, मार्गी), गुरु : मीन (अस्त, पश्चिम, मार्गी), शुक्र : मेष (उदित, पश्चिम), शनि : कुम्भ (उदित, पूर्व, मार्गी), राहु : मेष, केतु : तुला।

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 11:57 से 12:47, अमृत काल : 07:58 से 09:43, द्विपुष्कर योग : 06:12 से 17:32, विजय मुहूर्त : 14:26 से 15:15, गोधूलि मुहूर्त : 18:31 से 18:55, सायाह्न सन्ध्या : 18:33 से 19:42, निशिता मुहूर्त : 23:58 से 24:45, राहुकाल : 12:00 से 13:30, राहुवास : पश्चिम, यमगण्ड : 09:17 से 10:50, होमाहुति : शुक्र, दिशाशूल : उत्तर, अग्निवास : पृथ्वी, भद्रावास : स्वर्ग (19:02 से), चन्द्रवास : पश्चिम, शिववास : भोजन में (19:02 से शमशान में)।

चौघड़िया विचार

॥ दिन का चौघड़िया ॥
1 - रोग , 2 - उद्वेग, 3 - चर, 4 - लाभ, 5 - अमृत, 6 - काल, 7 - शुभ, 8 - रोग

॥रात्रि का चौघड़िया॥
1 - काल, 2 - लाभ, 3 - उद्वेग , 4 - शुभ, 5 - अमृत , 6 - चर, 7 - रोग, 8 - काल

नोटः दिन और रात्रि के चौघड़िया का आरंभ क्रमशः सूर्योदय और सूर्यास्त से होता है। प्रत्येक चौघड़िए की अवधि डेढ़ घंटा होती है।

शुभ यात्रा दिशाः पश्चिम-दक्षिण (धनिया अथवा दलिया का सेवन कर यात्रा करें)

तिथि विशेष- आज 14:08 पर, सिंजारा, भूमि-भवन क्रय-विक्रय मुहूर्त प्रातः 06:18 से दोपहर 02:07 तक आदि।

आज जन्मे शिशुओं का नामकरण

आज जन्मे शिशुओ का नाम आर्द्रा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय , तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (कू, घ, न, स।) नामाक्षर से रखना शास्त्रसम्मत है।

उदय-लग्न मुहूर्त

मीन - 29:39 से 07:03, मेष - 07:03 से 08:37, वृषभ - 08:37 से 10:31, मिथुन - 10:31 से 12:46, कर्क - 12:46 से 15:08, सिंह - 15:08 से 17:27, कन्या - 17:27 से 19:45, तुला - 19:45 से 22:05, वृश्चिक - 22:05 से 24:25, धनु - 24:25 से 26:28, मकर - 26:28 से 28:10, कुम्भ - 28:10 से 29:35।

पञ्चक रहित मुहूर्त

शुभ मुहूर्त - 06:12 से 07:03, शुभ मुहूर्त - 07:03 से 08:37, रोग पञ्चक - 08:37 से 10:31, शुभ मुहूर्त - 10:31 से 12:46, मृत्यु पञ्चक - 12:46 से 15:08, अग्नि पञ्चक - 15:08 से 17:27, शुभ मुहूर्त - 17:27 से 17:32, रज पञ्चक - 17:32 से 19:02, शुभ मुहूर्त - 19:02 से 19:45, चोर पञ्चक - 19:45 से 22:05, शुभ मुहूर्त - 22:05 से 24:25, रोग पञ्चक - 24:25 से 26:28, शुभ मुहूर्त - 26:28 से 28:10, मृत्यु पञ्चक - 28:10 से 29:35, अग्नि पञ्चक - 29:35 से 30:10।

आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेष- आज के दिन आप ज्यादा परिश्रम करने के मूड में नही रहेंगे कार्य करते समय भी ध्यान मनोरंजन एवं आराम की ओर भटकेगा।

वृष- आज का दिन आप निश्चिन्त होकर बिताना पसंद करेंगे दिन के आरंभ से ही यात्रा पर्यटन की योजना बनाएंगे।

मिथुन- आज का दिन आपके लिये सुख शांति वाला रहेगा परन्तु मन की चंचलता अधिक रहने से कारोबारी कार्य मे अनिर्णय की स्थिति किसी भी कार्य को सिरे नही चढ़ने देगी।

कर्क- आज का दिन आपको कुछ ना कुछ हानि अवश्य कराएगा। प्रत्येक कार्य को देखभाल कर ही करें।

सिंह- आज का दिन आपके लिये सम्मान जनक परिस्थितियां बनाएगा। दिन की शुरुआत आज धीमी रहेगी दैनिक कार्य विलंब से पूर्ण होंगे।

कन्या- आज का दिन आप मानसिक उलझनों में फंसे रहेंगे। दिन को शांति से बिताने की योजना पर सगे संबंधी पानी फेर सकते है।

तुला- आज आपकी दिनचार्य अस्त-व्यस्त रहेगी। लेकिन धार्मिक कार्यो में बढ़-चढ़ कर भाग लेंगे धार्मिक स्थानों की यात्रा दान पुण्य के अवसर मिलेंगे।

वृश्चिक- आज के दिन आपको दैनिक कार्यो के अतिरिक्त अन्य अधूरे कार्यो से भागदौड़ करनी पड़ेगी। सेहत में भी उतार चढ़ाव लगा रहेगा।

धनु- आज का दिन भी आपके अनुकूल रहने वाला है आज कार्य सफलता के साथ ही मनोरंजन के लिए भी समय निकाल लेंगे।

मकर- आज का दिन आपके लिये समृद्धिकारक रहेगा। घर मे सुख के साधनों की वृद्धि होगी इसपर खर्च भी अधिक करना पड़ेगा।

कुंभ- आज के दिन आपकी वैचारिक एवं कल्पना शक्ति में वृद्धि होगी किसी भी कार्य मे पूर्वानुमान लगाने की खूबी सभी जगह से सम्मान दिलायेगी।

मीन- आज का दिन आपके लिये अशांति से भरा रहेगा। दिन के आरंभ में कई दिनों से लटके कार्य पूरे करने की योजना बनाएंगे परन्तु आस-पास का वातावरण में कलह-क्लेश रहने से कोई भी कार्य ठीक से नही कर सकेंगे।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

बाजार में इन

बाजार में इन दिनों भारी छूट है। हरसू हंगामा है बवाल है लूट है।। सत्य आहत हो सकता है, किंतु। मगर पराजित नहीं यह अटूट है राष्ट्र के लिए संपूर्ण समर्पित जो। देशद्रोहियों के लिए कालकूट है। वक्त तो लगेंगे हालात संवरने में। पहले हो चुकी बहुत टूट फूट है।। समझ तो रहे मुल्क केआवाम में। हकीकत है क्याऔर क्या झूठ है।

- कमलकांत डोंगरे

अक्सर सोचती हूँ

अक्सर सोचती हूँ क्या खूब रहा होगा वह ज़माना ! तुम मीलों मुझसे दूर, मैं छिप पर सबसे लिखती थी तुम्हें पत्र, और फिर ये सिलसिला ऐसे आगे बढ़ा कि डाकिया आया मेरे नाम से तार लाया जिसमें वर्षों से मेरी तन्हाई को दूर करने का सन्देश लाया मेरे तुम्हारे मिलन का कार्ड लाया।

- मधुबाला मौर्या

खास पाती | चलो अयोध्या में बनवाएं, सुंदर

चलो अयोध्या में बनवाएं, सुंदर एक मकान। जहां विराजें रामललाजी, सिया, लखन, हनुमान।। सबके लिए राम का प्यारा, खुला रहे दरबार। सकल विश्व हो दशरथ-नंदन, राघव का परिवार।। किला, महल की कमी नहीं है, कोठी की भरमार। राम गेह की हम सबको है, सालों से दरकार। भक्ति-भाव का ईंटा-गारा, सबका हो सहयोग। नहीं किसी को लगने पाए, राजनीति का रोग। मानवता का मंदिर प्यारा, बनकर हो तैयार। जहां लुटाएं भारत माता, सबको नेह-दुलार। अब तक भूल हुई है हमसे, कर लें आज सुधार। राम-शरण में सच्चा सुख है, राम-भक्ति ही सार। **- राजकुमार धर द्विवेदी**

शनैः शनैः उम्र ढलती गई धीरे

शनैः शनैः उम्र ढलती गई धीरे धीरे वक्त गुजरता गया हर रोज वो चाँद निहारता रहा हर रोज कोई एक तकिया भींगा रात का सुनापन बढ़ता गया शबनम अब कुछ गर्म सी हो गई पुर्वाई में अब शुकून नही बहता बागों के फूल भी महकते कम हैं इंतजार की आग में सब सुलग गए वो रूहानियत वो इश्क वो तेरा खुदा होना अब हम इबादत भी नही करते कि मेरा रब अब शायद ना आवेगा कभी चलो अब रातें विश्राम करें चाँद खुद पर गुमान करे चाँदनी में अब मिठास नहीं चलो जी अब हमें आपके आने की आस नही। **- प्रीति श्रीवास्तव**

जीवन कंटक पथ है सबको कांटो

जीवन कंटक पथ है सबको कांटो पर ही चलना है राह के पत्थर ठोकर देगें गिर कर रोज सम्भलना है जो राहों की बाधाओं से घबरा कर रूक जायेगा कैसे मंजिल उसे मिले न घर से जिसे निकलना है।

- शालिनी शर्मा

मुझसे नहीं हो पाती दोस्ती

मुझसे नहीं हो पाती दोस्ती , किसी गम में डूबे लम्हें से , या अपनी खुशी में इतराते लम्हें से , थोड़े असामान्य हो जाता है मैं असहज़ हो जाता हूँ , उसमें घुल नहीं पाता हूँ , अलग-अलग रहता हूँ , ख़ामोशी से उन्हें सुनता हूँ , फिर लौट आता हूँ।

- नमन कुमार मिश्रा

वो कहाँ यार को जताने में जो

वो कहाँ यार को जताने में जो मजा इश्क को छुपाने में उम्र सारी गुजर गई अपनी जिंदगी तेरे ताने बाने में फर्क है आसमान धरती का इस जमाने में उस जमाने में जन्म लग जाएंगें कई अपने कर्ज मां बाप का चुकाने में कितने राजा से रंक हो जाते शान झूंठी लकी दिखाने में। **- लक्ष्मी माहोर**

सिकंदर बन तो सकते हो मगर

सिकंदर बन तो सकते हो, मगर लड़ना जरूरी है समय की भाप में तेरा , यहाँ पकना जरूरी है। यह दुनिया मान तो लेगी, तुम्हें भी वक्त का सूरज सुबह से शाम तक लेकिन,तेरा जलना जरूरी है। **- ममता अमर**

कोई अपरिचित भी हमारा वो

कोई अपरिचित भी हमारा वो चिर आत्मिक परिचित हो सकता है संभवतः केवल जिसके लिए ही हम, इस जगत की यात्रा पर आए हो। यदि हम अपनी बंधी बंधाई दृष्टि से थोड़ा अवकाश लेकर, अपने आस पास निहार सके तो, हों सकता है कोई हमारे लिए प्रतिक्षारत दृष्टि हमे दिख जाए। इस व्यर्थ जगत में, अपने होने के,सार्थक कारण ढूंढने का प्रयास हम सबको करना चाहिए। **कुलदीप वर्मा**

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1857-भारत में ब्रिटिश शासन के ख़िलाफ़ बंगाल नेटिव इन्फैंट्री विद्रोहों और लंबे समय से चल रहे स्वतंत्रता संग्राम में सिपाही मंगल पांडे (34वीं रेंजीमेंट) स्वतंत्रता सेनानी के रूप में जाने गये। 1929-हिन्दी तथा बांग्ला फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता और निर्माता उत्पल दत्त का जन्म। 1943-ब्रिटेन के प्रधानमंत्री जॉन मेजर का जन्म। 1943-स्वतंत्रता सेनानी एवं नेता लक्ष्मण नायक को बरहामपुर की जेल में फांसी पर लटका दिया गया। 1953-हिलैरी तथा तेनजिंग नोर्गे द्वारा विश्व की सर्वोच्च चोटी माउंट एवरेस्ट पर विजय। 1954-भारतीय लोक प्रशासन संस्थान का उद्घाटन किया गया। 1967-फ्रांस ने पहली बार अपनी परमाणु पनडुब्बी की शुरूआत की। 1973-संयुक्त राज्य अमेरिका के सैनिको को वियतनाम से हटाया गया। 1982-तेलुगु देशम पार्टी (भारत क्षेत्रीय राजनीतिक पार्टी) एन.टी.रामाराव द्वारा स्थापित की गयी। 1988-अफ्रीकी राष्ट्रीय कांग्रेस प्रतिनिधि डेलसी सितंबर की पेरिस में हत्या।

QUIZ TIME

1) केन्द्रीय गृह मंत्रालय ने कितनी भाषाओं पर मदर टंग सर्वे ऑफइंडिया रिपोर्ट तैयार की है?
2) किस राज्य में संगाई महोत्सव मनाया गया?
3) पुस्तक चौदस मेला का आयोजन कहाँ किया गया है, जिसका उद्घाटन केंद्रीय वन एवं पर्यावरण राज्यमंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने किया है?
4) किस केंद्रशासित प्रदेश में भारत का पहला वर्चुअल स्कूल लॉन्च किया गया है?
5) किस राज्य में सीता माता की 251 फीट ऊँची प्रतिमा स्थापित किया जाएगा?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) 576 (2) मणिपुर (3) पटना (4) दिल्ली

(प्रेरक प्रसंग) तेजस्वी बालक नरेंन्द्रनाथ'

स्वामी विवेकानंदजी जी को बचपन में सब लोग बिले नाम से पुकारते थे। बाद में नरेन्द्रनाथ दत्त कहलाये। नरेन्द्रनाथ बहुत उत्साही और तेजस्वी बालक थे। इस बालक को बचपन से ही संगीत, खेलकूद और मैदानी गतिविधियों में रुचि थी। नरेन्द्रनाथ बचपन से ही अध्यात्मिक प्रकृति के थे और यह खेल ङ्क खेल में राम, सीता, शिव आदि मूर्तियों की पूजा करने में रम जाते थे। इनकी माँ इन्हें हमेशा रामायण व महाभारत की कहानियां सुनाती थी जिसे नरेन्द्रनाथ खूब चाव से सुनते थे।

एक बार बनारस में स्वामी विवेकानंद जी माँ दुर्गा जी के मंदिर से निकल रहे थे कि तभी वहां पहले से मौजूद बहुत सारे बंदरों ने उन्हें घेर लिया। वे उनसे प्रसाद छिनने के लिए उनके नजदीक आने लगे। अपने तरफ आते देख कर स्वामी स्वामी जी बहुत भयभीत हो गए। खुद को बचाने के लिए भागने लगे। पर वे बंदर तो पीछा छोड़ने को तैयार ही नहीं थे।

पास में खड़ा एक वृद्ध संयासी ये सब देख रहा था, उन्होंने स्वामी जी को रोका और कहा ङ्क रुको ! डरो मत, उनका सामना करो और देखों कि क्या होता है। बृद्ध संयासी की बात सुनकर स्वामी जी में हिम्मत आ गई और तुरंत पलटे और बंदरों की तरफ बढ़ने लगे। तब उनके आश्चर्य का ठिकाना न रहा जब उनके सामना करने पर सभी बंदर भाग खड़े हुए थे। इस सलाह के लिए स्वामी जी ने बृद्ध संयासी को बहुत धन्यवाद दिया।

इस घटना से स्वामी जी को एक गंभीर शिक्षा मिली और कई सालों बाद उन्होंने एक सभा में इस घटना का जिक्र किया और कहा ङ्क यदि तुम कभी किसी चीज से भयभीत हो, तो उससे भागों मत, पलटो और सामना करों। वास्तव में, यदि हम अपने जीवन में आये समस्याओं का सामना करे तो यकीन मानिए बहुत सी समस्याओं का समाधान हो जायेगा।

वर्ग पहेली

शब्द सामर्थ्य -017

(भागवत साहू)

बाएं से दाएं

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

ऊपर से नीचे

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

शब्द सामर्थ्य क्रमांक 016 का हल

मुख्य सचिव ने अफसरों की ली बैठक, आगामी शिक्षण सत्र के लिए तैयारी करने के दिए निर्देश

■ छत्तीसगढ़ राज्य समग्र शिक्षा हेतु 2023-24 की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट प्रस्ताव का अनुमोदन

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन ने कहा है कि आगामी शिक्षण सत्र में शाला प्रवेश उत्सव के आयोजन के लिए सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर ली जाए। उन्होंने कहा कि छात्र-छात्राओं को निःशुल्क पाठ्य पुस्तक, गणवेश और सायकल वितरण के लिए भी सभी जरूरी तैयारी कर ली जाए। वे आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में समग्र शिक्षा की कार्यकारिणी समिति की बैठक में समग्र शिक्षा कार्यक्रम की समीक्षा कर रहे थे। बैठक में शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. आलोक शुक्ला भी मौजूद थे।

मुख्य सचिव जैन की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में छत्तीसगढ़ राज्य समग्र शिक्षा की वार्षिक कार्ययोजना एवं बजट वर्ष 2023-24 के प्रोजेक्ट एप्रुवल बोर्ड हेतु प्रस्ताव का अनुमोदन किया गया। इसी प्रकार वर्ष 2022-23 में समग्र शिक्षा हेतु बजट पर घटकवार विस्तार से चर्चा की गई तथा इसका अनुमोदन किया गया। बैठक में उन्होंने अधिकारियों को समग्र शिक्षा के अंकेक्षण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में आदिम जाति एवं अनुसूचित जाति विभाग के सचिव डी.डी. सिंह, श्रम विभाग के सचिव अमृत खलखो, स्कूल शिक्षा विभाग के सचिव डॉ. एस. भारतीदासन, ऊर्जा विभाग के सचिव अंकित आनंद और शिक्षा विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी शामिल हुए।

बिलासपुर हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा आज लेंगे शपथ, सीएस ने ली बैठक

■ मुख्य सचिव ने उच्च स्तरीय बैठक ली

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के नवनियुक्त मुख्य न्यायाधीश रमेश सिन्हा के शपथ ग्रहण समारोह की आवश्यक तैयारियों के लिए अधिकारियों की बैठक सम्पन्न हुई। शपथ ग्रहण समारोह 29 मार्च 2023 को राजभवन के दरबार हॉल में आयोजित होगा। इस संबंध में मुख्य सचिव ने अधिकारियों को सभी आवश्यक व्यवस्थाएं करने के निर्देश दिए हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए आयोजित इस बैठक में डीजीपी अशोक जुनेजा, गृह विभाग के प्रमुख सचिव मनोज पिंगुआ, कमिश्नर रायपुर यशवंत कुमार और आईजी अजय यादव, राज्यपाल के सचिव अमृत खलखो और सामान्य प्रशासन विभाग के सचिव डीडी सिंह सहित अन्य अधिकारी शामिल हुए।

■ न्यूज गैलरी

जन चौपाल में सुनी नागरिकों की समस्याएं

रायपुर/नवप्रदेश। कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने कलेक्टर सभाकक्ष में जन चौपाल के माध्यम से जिले के विभिन्न विकासखंडो से लगभग 50 लोगों की समस्याएं सुनी। जन चौपाल में आज बिरगांव निवासी यशोदा विश्वकर्मा ने गरीबी रेखा सूची में नाम जुड़वाने, शंकर नगर वार्ड क्रमांक 30 के कुमुद कुमार जैन ने व्यावसायिक परिसर में सार्वजनिक शौचालय निर्माण कराने, कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर, ग्राम मोहगांव निवासी राजेंद्र पटेल ने मेकाहारा हॉस्पिटल में अपने बच्चे का इलाज कराने, ग्राम डोमा 02 की नीलम साहू ने पंचायत भवन में आधार सेवा केंद्र खोलने हेतु अनुमति लेने, वल्लभनगर के मुजीब मोहम्मद शाह ने ऑनलाइन भुईया एप्प में पंजीकरण कराने आवेदन दिया। इसी प्रकार ग्राम धरमपुरा के महंत आशीष ने पब्लिक ट्रस्ट की भूमि का अवैध नामांतरण कर विक्रय करने की शिकायत, ग्राम पंचायत टेमरी के सचिव विनोद शर्मा ने आवास हेतु गांव में आबादी भूमि प्रदान कराने, जनपद पंचायत अभनपुर के टी एन अवसरिया ने चिकित्सा प्रतिपूर्ति राशि प्रदान करने, बैधनाथ पारा निवासी रशीदा बेगम ने निराश्रित पेंशन हेतु, ग्राम मुर्रा के प्रेमलाल साहू ने अपनी दिव्यांग पुत्री के लिए आर्थिक सहायता हेतु, सामाजिक कार्यकर्ता सुरेश दीवान ने सिलतरा में पौधों के लिए पानी उपलब्ध कराने और प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को ऋण उपलब्ध कराने आवेदन दिया। इसी प्रकार अन्य लोगों ने भी विभिन्न समस्याओं और मांग संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। जन चौपाल में प्राप्त आवेदनों पर कलेक्टर डॉ भुरे ने संबंधित विभाग के अधिकारियों को नियमानुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त मयंक चतुर्वेदी, अपर कलेक्टर बी.बी पंचभाई सहित रायपुर एसडीएम एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

ओपन-फोर्ज से ई-गवर्नेंस को मिलेगा बढ़ावा

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में ई-गवर्नेंस को बढ़ावा देने के लिए ओपन-फोर्ज सॉफ्टवेयर का इस्तेमाल किया जाएगा। ओपन-फोर्ज प्लेटफार्म के जरिए विभागों को उनकी योजनाओं और कार्यक्रमों की मॉनिटरिंग और योजनाओं की पहुंच लोगों तक बढ़ाने के लिए आसानी से सॉफ्टवेयर मिल सकेगा। राजधानी रायपुर के न्यू सर्किट हाउस में चिप्स द्वारा विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ओपन-फोर्ज के उपयोग के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य राज्य के नागरिकों तक सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र के आधुनिकतम तकनीकों के लाभ पहुंचाना है। प्रशिक्षण कार्यशाला का शुभारंभ सत्र को सम्बोधित करते हुए नेशनल ई गवर्नेन्स डिविजन, कम्युनिटी डेवलपमेंट मेनेजर, नई दिल्ली के अमित कुमार ने बताया कि शासन के सभी विभागों की आवश्यकता के अनुरूप 'ओपन फोर्ज' प्लेटफार्म का निर्माण किया गया है। उन्होंने बताया कि इस प्लेटफार्म में शासकीय विभागों द्वारा संचालित जन उपयोगी सेवाओं के संचालन हेतु अनेक सॉफ्टवेयर मिलेंगे, इससे देश में संचालित विभिन्न योजनाओं में एकरूपता आयेगी और शासन के बहुमूल्य धन और समय की भी बचत होगी। कार्यशाला में चिप्स के मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमिताभ शर्मा ने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग, भारत सरकार की संस्था नेशनल ई गवर्नेन्स डिविजन, कम्युनिटी डेवलपमेंट मेनेजर, नई दिल्ली के अमित कुमार, प्रोजेक्ट लीड संजय कुमार पटेल और टेक्नीकल लीड दुर्गेश कुमार सिंह, द्वारा दो दिनों तक प्रशिक्षण दिया जाएगा। 'ओपन फोर्ज' विषय पर आयोजित इस कार्यशाला में चिप्स सहित कृषि विभाग, परिवहन विभाग, एन. आई. सी., बिजली विभाग, स्वास्थ्य विभाग, भू एवं राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा समग्र शिक्षा के 35 से अधिक अधिकारी शामिल हुए।

टीबी के प्रति जागरूक करने स्वास्थ्य भवन में चलाया हस्ताक्षर अभियान

रायपुर/नवप्रदेश। विश्व क्षय दिवस के मौके पर लोगों को टीबी रोग के प्रति जागरूक करने प्रदेश भर में अनेक गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग एवं टीबी उन्मूलन कार्यक्रम की सहयोगी संस्थाओं द्वारा कई अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में आज नवा रायपुर स्थित स्वास्थ्य भवन में स्वास्थ्य सेवाओं के संचालक भीम सिंह ने हस्ताक्षर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने टीबी रोग को समाप्त करने और छत्तीसगढ़ को टीबी मुक्त करने की शपथ लेकर बोर्ड पर हस्ताक्षर किए। उन्होंने सभी से अपील की कि वे एकजुट होकर इस वैश्विक बीमारी के खिलाफ लड़ाई में शामिल हों और इसके उन्मूलन में सहयोग करें। राज्य क्षय अधिकारी डॉ. धर्मेन्द्र गहवई ने बताया कि लोगों को टीबी के प्रति जागरूक करने पूरे राज्य में 13 अप्रैल तक अलग-अलग गतिविधियों के माध्यम से अभियान चलाया जा रहा है। सभी जिलों में टीबी के प्रति जागरूकता संबंधी विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इनमें शपथ ग्रहण, माइकिंग, नुक्कड़ नाटक, रैली तथा टीबी के मरीजों को निःशुल्क पोषण आहार वितरण जैसी गतिविधियां शामिल हैं।

छत्तीसगढ़ के 38 लाख कृषक परिवारों को तस्कर कह कर अपमानित कर रहे हैं भाजपाई

■ किसानों को बोनस के नाम पर ठगा, एमएसपी की कानूनी गारंटी का झांसा, आय दुगुनी करने का वादा भी भाजपा का जुमला

■ वादाखिलाफी, कमीशनखोरी और तस्करों को संरक्षण देना भाजपा का चरित्र है

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में किसान हितैषी भूपेश सरकार के द्वारा प्रति एकड़ धान खरीदी की सीमा 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल किए जाने से जहां 38 लाख किसान परिवार जश्न मना रहे हैं तो वहीं पूर्वाग्रह से ग्रसित भाजपा के नेता छत्तीसगढ़ के किसानों को तस्कर करार देकर अपमानित कर रहे हैं। विगत 4 वर्षों में भूपेश सरकार के किसान हितैषी निर्णयों के चलते छत्तीसगढ़ का किसान समृद्ध हुआ है। कृषि विकास दर भी देश की तुलना में लगभग दोगुनी है, जहां देश में कृषि विकास दर 3.50 है वही छत्तीसगढ़ में 5.93 है। ना केवल समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की मात्रा बढ़ी है बल्कि पंजीकृत किसानों की संख्या 15 से बढ़कर 26 लाख और खेती का रकबा भी लगभग 10 लाख हेक्टेयर बढ़कर 31.17 लाख हैक्टेयर हो गया है। छत्तीसगढ़ में किसानों की समृद्धि से भाजपाइयों को पीड़ा हो रही है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि छत्तीसगढ़ में धान के अनुकूल जलवायु और परिस्थितियां हैं यहां सिंचित और असिंचित क्षेत्र में धान के उत्पादन के आंकड़े अलग-अलग हैं। जांजगीर, रायगढ़, धमतरी, कुरूद और रायपुर जिलों में भेट मुलाकात के दौरान प्रदेश के किसानों ने धान खरीदी में प्रति एकड़ सीमा 20 क्विंटल करने की मांग प्रदेश के किसान मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से करते रहे थे, जिस पर अब भूपेश सरकार ने फैसला लिया है। छत्तीसगढ़ में धान का रकबा, उत्पादन, खरीदी और तस्करी का खेल पूर्ववर्ती रमन सरकार के सरंक्षण में हुआ करता था। नकली खाद, नकली बीज, नकली दवा और कोचियों, बिचौलियों को संरक्षण देने का काम पूर्ववर्ती रमन सरकार करती थी उस व्यवस्था को भूपेश बघेल सरकार ने बदला है। कृषि उपकरण की सब्सिडी के लिए चिन्हित काउंटर तहत है उसे भी खत्म किया गया है। किसानों के पंजीयन से लेकर गिरदावरी सत्यापन और अनावरी रिपोर्ट सभी कुछ पारदर्शी तरीके से हो रहा है।

प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता सुरेंद्र वर्मा ने कहा है कि एक तरफभूपेश सरकार ने कर्जमाफी से लेकर समर्थन मूल्य तक किसानों से किए सभी वादे पूरे किए हैं। कोदो, कुटकी, रागी भी ?3000 प्रति क्विंटल में खरीद रहे हैं। भाजपा यह बताएं कि 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने के मोदी सरकार के वादे का क्या हुआ? एमएसपी की कानूनी गारंटी कब मिलेगी? स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश के अनुसार सी-2 फार्मूले से लागत पर 50 प्रतिशत लाभ का वादा 2014 में था उस पर मौन क्यों है?

बेरोजगारी भत्ता के निर्णय से भाजपा घबराई : कांग्रेस

■ भाजपा पहले दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष के देने के वादा पर युवाओं को जवाब दें?

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा भूपेश सरकार द्वारा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता दिये जाने के निर्णय से घबरा गयी है तथा अनर्गल बयान बाजी में उतर आई है। 15 साल तक युवाओं का शोषण करने वाली भाजपा किस मुंह से बेरोजगारी भत्ता देने बनाए गए नियमों पर सवाल उठा रही है? भाजपा को बेरोजगारी भत्ता पर सवाल पूछने से पहले दो करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष देने के अपने वादा का विश्लेषण करना चाहिये और प्रदेश के युवाओं को बताएं की नरेंद्र मोदी की सरकार ने 9 साल में प्रदेश के कितने युवाओं को रोजगार दिया है? दो करोड़ प्रतिवर्ष के हिसाब से प्रदेश के 43 लाख युवाओ को रोजगार मिलना था नरेंद्र मोदी की सरकार प्रतिवर्ष दो करोड रोजगार देने में असफल रही हैं और उल्टा मोदी सरकार की गलतियों नासमझी के चलते अब तक 23 करोड़ हाथों से रोजगार छीना जा चुका है। यानी प्रति वर्ष लगभग 2 करोड़ 5 लाख 55 हजार 555 हाथों से रोजगार छीना गया है। मोदी सरकार की तरह ही पूर्व की रमन सरकार ने भी प्रदेश के युवाओं के साथ धोखा और छल किया था 2003 में 12वीं पास युवाओं को 500 रू. प्रति महीना बेरोजगारी भत्ता देने का वादा कर वादा पूरा नहीं किया था और उल्टा सरकारी नौकरी को आउटसोर्सिंग के माध्यम से बेचकर प्रदेश के युवाओं को हक अधिकार से वंचित किया था।

मोदी सरकार की छत्तीसगढ़ विरोधी कोयला नीति के कारण राज्य के उद्योग संकट में : कांग्रेस

■ मुख्यमंत्री ने बार-बार प्रधानमंत्री, कोयला मंत्री को पत्र लिखा मोदी सरकार निर्णय नहीं ले रही

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार की कोयला नीति के कारण छत्तीसगढ़ के उद्योगों का नुकसान हो रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ के स्थानीय उद्योगों को प्राथमिकता से कोयला उपलब्ध कराने हेतु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रधानमंत्री मोदी और कोयला मंत्री प्रहलाद जोशी को अनेकों बार पत्र लिखा लेकिन मोदी सरकार ने मुख्यमंत्री के पत्र लिखने के 8 माह बाद भी राज्य के उद्योगों को कोयला उपलब्ध करवाने के लिये कोई निर्णय नहीं लिया। यह भाजपा की मोदी सरकार का छत्तीसगढ़ विरोधी रवैया है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य में प्रतिवर्ष 15 करोड़ टन से अधिक कोयले का उत्पादन होता है। कोयला उत्पादन में छत्तीसगढ़ का देश में दूसरा स्थान है। राज्य में उत्पादित कोयले का अधिकांश भाग अन्य राज्यों में भेजा जाता है। छत्तीसगढ़ स्टील उत्पादन के क्षेत्र में भी देश के अग्रणी राज्यों में से है। राज्य में अनेक बड़ी स्टील उत्पादक इकाईयों के अलावा सैकड़ों छोटी इकाईयां (MSME) भी हैं जो लाखों लोगों की जीविका का आधार है। कोयले की कमी से राज्य के उद्योगों में बंदी का संकट मंडरा रहा है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि राज्य के स्टील निर्माताओं को वर्तमान में 60 लाख टन कोयला प्रतिमाह एस.ई.सी.एल. द्वारा दिया जा रहा है, जबकि उनकी मासिक आवश्यकता लगभग 1.50 करोड़ टन है। देश के अग्रणी कोयला उत्पादक राज्य को उसके लघु उद्योगों को कोयले की आपूर्ति न किया जाना अत्यंत दुर्भाग्यजनक निर्णय है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोदी सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोयले को दूसरे राज्यों में भेजने के लिये राज्य की यात्री ट्रेनों को बंद कर दिया था, उनके फेरों में कटौती कर दिया। छत्तीसगढ़ का कोयला दूसरे राज्यों को दिया जा रहा लेकिन राज्य में दीया तले अंधेरा है, हमारे उद्योग अपने ही राज्य में उत्पादित कोयले के लिये तरस रहे है। छत्तीसगढ़ के भाजपा नेता और सांसद भी मोदी सरकार की चाटुकारिता में राज्य के हित में कुछ बोलेन का साहस नहीं दिखा पा रहे।

नियमितीकरण से व्यापारी और आम जन होंगे लाभान्वित : जग्गी

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि दिनांक 18-03-2023 को चेंबर में नियमितीकरण को लेकर कार्यशाला रखी गई थी जिसके परिपेक्ष्य में आज छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन एवं रायपुर नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में नियमितीकरण को लेकर शिविर का आयोजन किया गया जिसमे विभिन्न व्यापारिक संगठन, व्यापारीगण एवं बड़ी संख्या में आम जन उपस्थित रहे।

रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चेंबर के कार्यकारी अध्यक्ष श्री राजेन्द्र जग्गी ने बताया कि नियमितीकरण को लेकर आज छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफकॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज, रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन एवं नगर पालिक निगम के संयुक्त तत्वाधान में शिविर का आयोजन एसोसिएशन के कार्यालय में किया गया।

शिविर में घर, दुकान, गोडाउन सहित अतिरिक्त निर्माण का नियमितीकरण कराने हेतु संस्था के सदस्यों, व्यापारियों एवं अन्य आम नागरिकों को नियमितीकरण से सम्बंधित प्रक्रिया एवं लगने वाले आवश्यक दस्तावेजों की जानकारी दी गई। शिविर में लगभग 45 लोगों द्वारा इसका लाभ उठाया गया।

चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष जग्गी ने आगे कहा कि एसोसिएशनो द्वारा नियमितीकरण शिविर हेतु चेंबर में आवेदन किए जाने पर चेंबर द्वारा पूर्ण सहयोग किया जाएगा।

इस अवसर पर रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष राजेन्द्र जग्गी, चेंबर उपाध्यक्ष मनोज जैन, अनिल दुग्गड़, चेंबर मंत्री सोहेब अंसारी, विक्रम व्यास, रायपुर मशीनरी मर्चेंट एसोसिएशन कार्यकारिणी सदस्य पवन लुनिया, रायपुर नगर पालिक निगम के असिस्टेंट कमिश्नर सुनील रघुवंशी, वीके देवांगन, कृष्णा राठी एवं एसोसिएशन के सदस्यों सहित बड़ी संख्या में व्यापरीगण उपस्थित रहे।

अभियान... विपक्ष की आवाज दबाने राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त किया, नांदगांव में हाथ से हाथ जोड़ा यात्रा संपन्न

छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार वादा निभा रही है : मरकाम

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम राजनांदगांव में हाथ से हाथ जोड़ो यात्रा के समापन में शामिल हुये। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने केंद्र सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि भाजपा की केंद्र में बैठी है मोदी सरकार का दिखावे का नारा है देश बदल रहा है लेकिन सच्चाई यह है देश बदल नहीं रहा देश बिक रहा है और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार अपने जनता से किए वादों को निभाने का जो फर्ज निभा रही है जिससे छत्तीसगढ़ में सर्वहारा वर्ग खुशहाल है।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार की विफलता के कारण कमरतोड़ महंगाई, गैस, पेट्रोल, डीजल यहां तक कृषि यंत्रों के दामों में भी बढ़ोत्तरी हो गयी। बढ़ती महंगाई को रोक पाने में मोदी सरकार पूरी तरह विफल है जिसका खामियाजा आम जनता भुगतना पड़ रहा है। हम दो हमारे दो के तर्ज पर चल रही केंद्र की मोदी सरकार, नरेंद्र मोदी और अमित शाह की जोड़ी अडानी और अंबानी जैसे पूंजीपतियों के लिए पूरे देश के सार्वजनिक उपक्रमों को बेचने का काम प्रारंभ कर दी है।

कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि राहुल गांधी ने मोदी सरकार की नासमझी का प्रमाण नोटबंदी और सरकारी संपत्तियों को कौड़ी के मोल जो बेचा जा रहे हैं उस पर देश की आवाज उठाई है अडानी की हेराफेरी नीरव मोदी, ललित मोदी, मेहुल चौकसी और विजय माल्या जो देश की गरीब जनता के पैसे को लेकर भाग गया उस पर कार्यवाही की मांग की है। सदन में जेपीसी जांच की मांग की है और मोदी अडानी के बीच के रिश्तों को उजागर किए हैं। मोदी सरकार के अडानी प्रेम और अंबानी के रिश्तों को लेकर लगातार राहुल गांधी ने सवाल उठाएं इससे घबराई मोदी सरकार, राहुल गांधी को चुप कराने का षड्यंत्र रचे संवैधानिक संस्थाओं का दुरुपयोग कर रहे हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार संवैधानिक संस्थाओं का जिस प्रकार से दुरुपयोग कर रही है जिससे भारतीय लोकतंत्र खतरे पर है और इसे बचाने के लिये हम सब को लोहा लेना है। देश के युवा नेतृत्व राहुल गांधी लगातार मोदी सरकार की गलत नीतियों का विरोध कर रहे है जिससे मोदी सरकार घबराई हुई है। भारतीय संविधान में प्राप्त अधिकार और कर्तव्य को हम सबको पालन करना है लेकिन जब इसके दुरुपयोग की बातें सामने आती है तो हमें उसका मजबूत विरोध करना जरूरी है।

न्यूज गैलरी

क्षयरोग जागरूकता साइकिल रैली का आयोजन

कवर्धा/नवप्रदेश। विश्व क्षय रोग दिवस या विश्व टीबी दिवस हर साल 24 मार्च को मनाया जाता है, विश्व टीबी दिवस मनाने का मुख्य उदेश्य है लोगों को टीबी के बारे मे बताने के साथ ही यह जानकारी भी दी जाय कि टीबी का उनके स्वास्थ्य एवं समाज में क्या असर पड़ रहा है। इस वर्ष का थीम है ''हॉ, मैं टीबी रोग को समाप्त कर सकता हूं''। समय पर लक्षणों की सही पहचान, टीबी पर जीत बनाये और भी आसान, जैसे नारे लगाते हुए जिले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बोड़ला, पंडरिया, सहसपुर लोहारा, और पिपरिया सहित अन्य स्थानों पर टीबी दिवस के अवसर लोगों को टीबी रोग से सचेत करने साईकिल रैली, संगोष्ठी और शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया। कलेक्टर जनमेजय महोबे के मार्गदर्शन एवं सीएमएचओ डॉ सुजॉय मुखर्जी एवं डीपीएम सृष्टि शर्मा के नेतृत्व में जिले में विविध जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ.सुजॉय मुखर्जी ने बताया कि 24 मार्च 1882 को जर्मन फिजिशियन और माइक्रोबायोलॉजिस्ट रॉबर्ट कॉच ने टीबी के जीवाणु माइकोबैक्टीरियम टयूबरक्लोसिस की खोज की थी, उनकी यह खोज आगे चलर टीबी के निदान और इलाज में बहुत मददगार साबित हुई। यही वजह है कि हर साल विश्व स्वास्थ्य संगठन टीबी के सामाजिक, आर्थिक और सेहत के लिए हानिकारक नतीजो पर दुनियां में पब्लिक अवेयरनेस फैलाने और दुनियां से टीबी के खात्मे की कोशिशों में तेजी लाने के लिए यह दिवस मनाया जाता रहा है। उन्होने कहा कि 2025 तक देश में टीबी को मिटाने का शपथ लिया गया।

दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में हुई पेरेंट्स-टीचर मीटिंग

भाटापारा/नवप्रदेश। खमरिया, भाटापारा स्थित दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल में पेरेंट्स-टीचर्स एसोसिएशन की मीटिंग की गई जिसमें, एसोसिएशन के सभी सदस्य उपस्थित रहे।

विद्यालय के प्रधानाचार्य द्वारा इस सभा में सदस्यों के बीच विद्यालय के विभिन्न पहलुओं आधुनिक शिक्षा प्रणाली, अध्ययन- अध्यापन, शिक्षण शुल्क जैसे मुद्दों पर विस्तार से जानकारी दी। इस संबंध में उपस्थित सदस्यों ने भी अपनी सहमति जताई। विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती ऋतु रजनीश के द्वारा संस्था के आगामी योजनाओं तथा विगत दो वर्षो अर्थात् कोरोना काल के दौरान उत्पन्न कठिनाइयों पर प्रकाश डाला गया। इस संबंध में एसोसिएशन के अन्य सदस्यों ने भी अपने-अपने विचारों की अभिव्यक्ति दी। शैक्षणिक तथा विभिन्न विद्यालयीन क्रिया-कलापों की बेहतरी के लिए सभी सदस्यों ने अपने-अपने मत व्यक्त किए। ज्ञात हो कि दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल बलोदा बाजार जिले का एक ऐसा स्कूल है,जो विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सदैव अग्रसर रहता है।

गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के राह में निरंतर आगे बढ़ रहे हैं भूपेश बघेल : तरूण

राजनांदगांव/नवप्रदेश। कांग्रेस के युवा नेता तरूण सिन्हा ने कहा कि प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल निरंतर गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ की राह पर चल रहे है। कांग्रेस के युवा नेता श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री श्री बघेल निरंतर किसान, मजदूर, आदिवासी, ओबीसी, दलित, सामान्य सभी वर्गो के लिए लगातार कार्य कर रहे हैं। चाहे वह भूमिहीन मजदूर हो, बेरोजगार युवा हो,

किसानों को समर्थन मूल्य 2500 रूपये में धान खरीदी की बात हो, महिला सहायिता कार्यकर्ताओं का मानदेय बढ़ाने की बात, शिक्षा के माध्यम से स्वामी आत्मानंद स्कूल में उच्च शिक्षा की पढ़ाई हो, हाट बाजार क्लिनिक योजना, तेंदूपत्ता तोड़ने वाले को 4000 प्रति मानक बोरा देने की बात हो और सबसे बड़ी बात जो आज हर किसान के चेहरे में खुशी देखने को मिल रही है, जो किसान अपना धान उत्पादन करते हैं, उन्हें 15 क्विंटल से बढ़ाकर 20 क्विंटल किया गया। इस फैसले से पूरे छत्तीसगढ़ में खुशी का लहर है।

कलेक्टर ने बेरोजगारी भत्ता और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण के लिए दिए निर्देश

■ **कलेक्टर ने ली समय-सीमा की बैठक**

कवर्धा/नवप्रदेश। शिक्षित बेरोजगार को 1 अप्रैल 2023 से बेरोजगारी भत्ता देने की घोषणा के बाद हितग्राहियों को लाभान्वित करने कलेक्टर जनमेजय महोबे ने इसकी पूरी तैयारी करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के घोषणा के बाद एक अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता का ऑनलाईन फार्म भरा जाएगा। उन्होंने राजस्व विभाग सहित संबंधित विभाग को सभी तैयारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि आय प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र के लिए अधिक आवेदन आएंगे इसके लिए राजस्व विभाग तैयारी करे। साथ ही योजना के आवेदनों का भौतिक सत्यापन, आवेदकों को समक्ष में बुलाकर किया जाएगा। जिसके लिए गावों एवं शहरों के वार्डो के क्लस्टर बनाने के निर्देश दिए। प्रत्येक क्लस्टर के लिए सत्यापन टीम का गठन तथा प्रत्येक क्लस्टर में इंटरनेट की व्यवस्था, आवेदकों के बैठने, पेयजल एवं छाया की व्यवस्था भी करने के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक ली। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक डॉ लाल उमेंद सिंह उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में 1 अप्रैल से छत्तीसगढ़ सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण-2023 का कार्य प्रारंभ किया जाएगा। यह शासन की प्राथमिकता में शामिल है। इसके लिए मिशन मोड में कार्य करते हुए सभी तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं का जनसमान्य के जीवन स्तर पर पड़े प्रभाव का आकलन करने तथा प्राप्त डेटा का भविष्य में योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए यह सर्वेक्षण का कार्य किया जाना है। उन्होंने कहा कि इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में निवासरत प्रत्येक घरों में जाकर प्रगणकों द्वारा जानकारी एकत्रित की जाएगी। जिसका ऐप के माध्यम से ऑनलाइन एंट्री करना होगा। इस कार्य को पूर्ण करने के लिए प्रत्येक ग्राम पंचायतों के लिए प्रगणक दल का गठन किया गया है। इसी तरह सुपरवाइजर की नियुक्ति करते हुए जिला स्तर पर एवं जनपद पंचायत स्तर पर नोडल अधिकारी एवं सहायक नोडल अधिकारियों की नियुक्ति कर ली गई है। सभी का प्रशिक्षण पूर्ण कर तैयारी पूरा करने के निर्देश दिए।

जल जीवन मिशन के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि इसमें प्रगति लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा की योजना का उद्देश्य हर घर नल के माध्यम से पानी उपलब्ध कराना है। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण करने के निर्देश एसडीएम को दिए। आयुष्मान कार्ड, टीबी मुक्त भारत सहित अन्य एक्टिविटी के रेडक्रॉस जिला समन्वयक को कार्य योजना तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्ष संपदा योजना के तहत अधिक से अधिक हितग्राहियों को जोड़ते हुए पौधरोपण करने के निर्देश दिए। उन्होंने जिले में स्कूलों के मरम्मत कार्यों का रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री के मंशानुरूप छत्तीसगढ़ को जैविक राज्य बनाने कार्य किया जाएगा। इसके लिए सभी गौठान में अधिक कार्य करने की जरूरत है। गोबर खरीदी सहित वर्मी कंपोस्ट का निर्माण उसका विक्रय और भुगतान सही समय पर होना चाहिए।

एसपी डॉ लाल उमेंद सिंह ने नशा रोकने के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए कहा कि सीमावर्ती मार्गो से इसकी तस्करी अधिक होती है इसके रोकथाम के लिए कार्यवाही की जा रही है। इसकी सूचना मिलने पर तत्काल जानकारी दें। उन्होंने कहा कि सभी विभागों को समन्वय के साथ इसमें कार्य किया जाना है। इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाए। होटलों तथा ढाबा में भी जांच की जानी चाहिए। उन्होंने विभागों को समन्वय के साथ जागरूकता लाने कहा।

उर्स कमेटी के शकील रिजवी अध्यक्ष व आफताब अहमद बने सचिव

राजनांदगांव/नवप्रदेश। शहर के पारीनाला स्तिथ दरगाह सैय्यद जलालुद्दीन शाह रहमतुल्लाह अलैह दरगाह जलालबाग, राजनांदगांव का उर्स बड़ी शानो शौकत के साथ 17, 18, 19 एवं 20 मई को मनाया जाएगा। 18 मई को शाही संदल व 19, 20 मई को कवाली का बेमिसाल मुकाबला होगा, जिसमें भारत के बेहतरीन कवाल के बीच मुकाबला होगा।

विगत हो कि 11 मई को दरगाह कमेटी की बैठक रखी गयी थी, जिसमें दरगाह के सदर जनाब हाजी मंसूर अंसारी द्वारा शकील रिजवी को उर्स कमेटी का सदर चुना गया।

उर्स कमेटी में संरक्षक के रूप में बलदेव सिंह भाटिया, अंजुम अल्वी, जनाब हाजी रज्जाक बडगुजर, सुदेश देशमुख, कुलबीर सिंह छाबड़ा, रूबी गरचा को शामिल किया गया है। वहीं अध्यक्ष जनाब शकील रिजवी, उपाध्यक्ष शेख सलीम, हफीज वारसी, जहीर

अब्बास, आरिफ बड़गुजर, निजामुद्दीन (निज्जू भाई), सचिव आफताब अहमद, सह सचिव फिरोज यासिनी, मो. उमर सिद्दीक (शानू), रियाज झाडोदिया, असलम खान, दुर्गेश राजपूत, कोषाध्यक्ष जनाब इमरान अंसारी, उप कोषअध्यक्ष जनाब इरफान हन्फी, जनाब जावेद अंसारी, अन्नू खान, मिडिया सेल अब्दुल रहीम (बंटी), विशु अजमानी, मोहर्रम अली अंसारी, आदिल बड़गुजर, वकार खान, सलाहकार नरेश रामटेके, हनी ग्रेवाल, आसिफ खान (अस्सु), जैश डाकलिया, अख्तर रिजवी (छोटू भाई), हैदर जोया, जनाब नासिर खान, साजिद अंसारी, कादिर कुरैशी को शामिल किया गया है। वहीं विशेष आमंत्रित सदस्य में रूप में श्रीकिशन खंडेलवाल, हफीज खान, रमेश डाकलिया, शाहिद यासीनी, फिरोज अंसारी, नासिर जिंदरान, हरिनारायण पप्पु धकेता, जनाब आफताब आलम, निखिल द्विवेदी, आसिफअली, संदल प्रभारी के रूप में समीर शेख, दानिश खान, वसीम खान, रियाज अंसारी, सदस्य चिंटू शर्मा, पप्पू खान, वसीम अशरफी, राजा रईस खान, राजा हिंदुस्तानी, तहजीब खान, शादाब खान, रशीद खान, शुभम कसार, बादशाह खान, वहाब भाई, अनीस खान, इसराज खान, सोनू बाठिया, साजिद खान, प्रदीप कोर्राम, असलम खान, अजहर बेग, तनवीर अहमद, मोनू भाई, राजेश चौहान, अरशद खान, सरफराज सोलंकी, ताहिर जोया, तबरेज सोलंकी, सैय्यद हाशिम, शेख हैदर, सलमान खान, रेहान कुरैशी, सुहेल शेख, इरफान खान एवं हैदर शेख को शामिल किया गया है।

मानस गायन में शामिल हुए जगजीत सिंह भाटिया

राजनांदगांव/नवप्रदश। खुज्जी विधानसभा क्षेत्र के ग्राम ओटेबांधा दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर समिति एवं समस्त ग्रामवासियों के द्वारा चैत्र नवरात्रि पंचमी के अवसर पर सरस्वर मानस गायन का आयोजन किया गया। आयोजन में मुख्य अतिथि के रूप में जगजीत सिंह भाटिया (लक्की) पूर्व प्रदेश मंत्री भाजयुमो शामिल हुए। वहीं अध्यक्षता गोपाल बृष्ठ खुज्जी विधानसभा प्रभारी एवं विशेष अतिथि के रूप में गुलाब गोस्वामी मंडल अध्यक्ष अं. चौकी, गौतरीहा कल्लो सरपंच उपस्थित थे। कार्यक्रम में पहुंचे सभी अतिथियों ने दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में पूजा अर्चना की एवं 119 स्थापित मनोकामना ज्योति कलश का दर्शन किये।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जगजीत सिंह भाटिया ने कहा कि चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर सिद्धि प्राप्त श्री दक्षिण मुखी हनुमान मंदिर में आप सभी ने सरस्वर मानस गायन का आयोजन रखकर चैत्र नवरात्रि के महापर्व को भव्यता प्रदान की है, इसके लिए आयोजन समिति को कोटि-कोटि आभार। सरस्वर गायन के माध्यम से मंडलियां जो हमें बताती है उसे आप हम सभी अपने जीवन में उतार कर आदर्श जीवन की स्थापना करें, सदैव सत्य के मार्ग पर चलें, आप सभी ने मुझे अपने ग्राम स्थान दिया, इसके लिए आप सभी का ह्रदय से धन्यवाद। मैं ग्राम के देवी-देवताओं से यही मनोकामना करता हूं कि आप सभी का जीवन सुखमय और खुशहाल हो।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कमलेश सारस्वत जिलाध्यक्ष महिला मोर्चा, मदन मेश्राम जिलाध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा, रूपेश देशमुख, विकेश आदे, जीवन लाल आदे, राम दयाल सलामे, दिसंबर, रामचंद्र, महेंद्र, हिरामन, जगत राम, निजाम, रमेश, श्यामा बाई, केशरी बाई, रूप बाई, मंच संचालक कनश राम कोमरे, शिक्षकवृंद गोपाल वर्मा, गौरी शंकर यादव, जयंत साहू, श्री मिश्र, कमल किशोर यादव जिला महामंत्री भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा एवं ओटेबांधा के समस्त ग्रामवासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

आगामी हर एक गतिविधि के लिए भाजपा का एक-एक कार्यकर्ता है तैयार : अवधेश

बेमेतरा/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रविवार को अपने खास कार्यक्रम मन की बात के जरिये देश की जनता से बात साझा किये, जिसे भाजपा बेरला मण्डल के प्रत्येक बूथ में मन की बात प्रभारी नियुक्त कर सभी अपने अपने बूथ पर कार्यकर्ताओं ने मन की बात कार्यक्रम को श्रवण किया। इसी कड़ी में बूथ नंबर 160 लेंजवारा में भाजपा प्रदेश मंत्री व पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल की मुख्यातिथि में शक्तिकेंद्र टकसींवा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता ने मन की बात सुनी। यह मन की बात का 99 वा और इस साल का तीसरा एपिसोड है। मन की बात 99 वा में खास बात इस एपिसोड में प्रधानमंत्री ने आर्गन डोनेशन पर बात की।उन्होंने दो ऐसे परिवारों से

बात की जिनके किसी सदस्य की मृत्यु के बाद उसके अंगदान किये गए। इनमें से एक परिवार पंजाब का था, जिसकी 39 दिन की बच्ची देश की सबसे कम उम्र की आर्गन डोनर बनी। साथ ही इस एपिसोड में नारी शक्ति, क्लीन एनर्जी, कोरोना से सावधानी और 100 एपिसोड को लेकर लोगों की राय भी मांगी, उन्होंने कहा लोगों के विचार ही 30 अप्रैल को होने वाले 100 वें मन की बात को खास बनायेगे।

मन की बात कार्यक्रम के बाद बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत भाजपा देश भर में शक्तिकेंद्र स्तर पर महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण को वाचन व बूथ को मजबूती प्रदान करने के लिए अभियान चला रही हैं, जिसमें बेरला मंडल के अंतर्गत बचे हुए टकसींवा शक्तिकेंद्र और दारगाँव शक्तिकेंद्र राष्ट्रपति के अभिभाषण ग्रामवासी व कार्यकर्ताओं के समक्ष टकसींवा शक्तिकेंद्र में पूर्व विधायक अवधेश सिंह चन्देल, जिला पंचायत सभापति पुष्पा साहू, मोर्चा अध्यक्ष जगदीश कुर्रे, शक्तिकेंद्र प्रभारी सरजू साहू, दारगाँव शक्तिकेंद्र में महामंत्री डोमेंद्र राजपूत, शक्तिकेंद्र प्रभारी बलराम यादव व बूथ पदाधिकारी ने वाचन किया। अवधेश चन्देल ने बताया कि हम बूथ सशक्तिकरण अभियान के तहत बूथ मजबूती के लिए पन्ना प्रमुख तक की जिम्मेदारी तय करके आगामी हर एक गतिविधि के लिए भाजपा का एक एक कार्यकर्ता तैयार हैं।

साथ बूथ में केंद्रीय योजनाओं के लाभार्थी के साथ भेंट मुलाकात व केंद्र की उपलब्धि भाजपा डॉ रमन सिंह सरकार के 15 साल के विकास को एक एक व्यक्ति तक पहुँचाने का कार्य कर रहे हैं। कांग्रेसी पूछते 15 साल क्या किये मैं उनको बताता हूं जहाँ बीमारू राज्य से देश के अग्रणी विकसित राज्य में खड़ा करने वाले भाजपा डॉ रमन सरकार ने किया। समर्थन मूल्य में धान खरीदी की व्यवस्था को ऑनलाइन जोड़ने का कार्य पारदर्शी व्यवस्था, कृषि ऋण 14 प्रतिशत से शून्य प्रतिशत किया, बिना ब्याज के कर्ज, 5 लाख किसानों को बिजली कनेक्शन, मनरेगा कार्य को 150 दिन करना, पलायन नहीं अवसरों का प्रदेश बनाया, मिटाया महतारी के माथे से पिछड़ेपन का दाग, पावर हब, सीमेंट हब, इस्पात एल्युमिनियम हब, एजुकेशन हब, हेल्थ केयर हब, डिजिटल हब के साथ देश को मौलिक अवधाराणाये देने वाले राज्य की पहचान बनाया और कांग्रेस उल्टा 36 वादे किए, एक भी वादा पूरा नहीं किया।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202303100400661/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका नरेन्द्र ठाकुर आ./पति स्व. अंकलहा ठाकुर निवासी- बैगापारा दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बघेरा प.ह.नं. 18 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 177/35 रकबा 0.020 हे. 2160 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 27/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202303100400633/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक हिंछा राम साहू आ. सोनसाय साहू निवासी सिकोला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 29/260 रकबा 0.0110 हे. 1250 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा /आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202303100400632/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/आवेदिका साहू समाज अध्यक्ष अशोक कुमार साहू आ. रामानंद साहू निवासी सिकोला बस्ती दुर्ग के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम- सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 29/258 रकबा 0.0140 हे. 1550 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीष अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं. 202303100400634/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अश्वनी कुमार साहू आ. शिवप्रसाद साहू निवासी जयंती नगर सिकोला के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17 / 8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 29/259 रकबा 0.0250 हे. 2700 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

पं.नं.202303100400631/ अ-2/2022-23

एतद् द्वारा जनता को सूचित किया जाता है कि आम आवेदिका शकुन राजपूत आ./पति स्व. सी.एस. राजपूत निवासी हनुमान नगर तितुरडीह के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम सिकोला प.ह.नं. 17/8 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 12/18 रकबा 0.017 हे. 1800 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत आवेदन प्रस्तुत किया है जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 24/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

सील

अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग, जिला दुर्ग

कार्यालय संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-4, सेजबहार, रायपुर (छ.ग.)
email ID: eocghbzone5@gmail.com

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल द्वारा दीनदयाल आवास योजनांतर्गत सेजबहार, जिला रायपुर में निर्मित एलआईजी भवन क्र.-293 श्री वेगेन्द्र कुमार सोनबेर पिता श्री बंशीलाल सोनबेर निवासी 378/क, सत्यम भवन कृष्णानगर नहर मार्ग संतोषी नगर टिकरापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) के नाम पर आवासीय भवन 30 वर्ष के लीज में छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल का नामांतरण आदेश क्र. 361 दिनांक 04.10.2021 के माध्यम से स्ववित्तीय आधार पर नामांतरित है, उक्त भवन को फ्री होल्ड के लिए निर्धारित प्रारूप में आवेदन प्रस्तुत किया गया है। जिनका फ्री-होल्ड संपरिवर्तन किया जाना है।

अतः किसी भी व्यक्ति, शासकीय/ अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था इत्यादि को उक्त भूखंड/भवन का फ्री-होल्ड किए जाने में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो इस कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर लिखित रूप से प्रमाणित दस्तावेज सहित इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर आपत्ति प्रस्तुत करें, अन्यथा नियत समयावधि पश्चात आपत्ति मान्य नहीं की जावेगी।

संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-04 सेजबहार रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला

सूचना- सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 1342 / तह दुर्ग / 2019

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम मिलोला प.ह.नं.- 68 रा.नि.मं- सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्री ममता बेन आत्मज/ध.प. जयंती लाल के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन / बटांकन / स्थल जांच / बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न. 203/114 रकबा 0.238 हे. का स्थल जांच/ सीमांकन / बंटाकन / त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नं, से आपकी भूमि भी लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 3.4.2023 को 1.00 बजे उपस्थित रहें।

सील

राजस्व निरीक्षक
सिकोला

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला

सूचना- सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन क्रमांक 312 / तह. दुर्ग / 2019

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.ह.नं- 08 रा.नि.मं- सिकोला के भूमि स्वामी / आवेदक श्री सीमा बेन आत्मज/ध.प. सूर्यकांत के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित सीमांकन / बटांकन / स्थल जांच / बन्दोबस्त त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि ख.न.. 203/118 रकबा 0.2380 हे. का स्थल जांच/सीमांकन /बंटाकन/त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नं. से आपकी भूमि भी लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 3/4/2023 को 1.00 बजे उपस्थित रहें।

सील

राजस्व निरीक्षक
सिकोला

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सिकोला

सूचना- सीमांकन

संदर्भ- तहसीलदार दुर्ग के ज्ञापन कंमाक 1311 दिनांक 21/01/2023

उपरोक्त आदेश के परिपालन में ग्राम सिकोला प.ह.नं.- 08. रा.नि.मं- सिकोला के भूमि स्वामी/आवेदक श्री हर्षा बेन आत्मज/ध.प. सूर्यकान्त के भूमि ग्राम सिकोला में स्थित स्थल जांच / सीमांकन / बंटाकन /त्रुटि सुधार हेतु आवेदित भूमि खसरा नं. 203/117 रकबा 0.2380 हे. का स्थल जांच/ सीमांकन / बंटाकन /त्रुटि सुधार मेरे द्वारा किया जावेगा। चूंकि उक्त खसरा नं. से आपकी भूमि लगी हुई है या आपके द्वारा बेची गई है। अतः आप अपने समस्त दस्तावेजों (पंजीयन ले आऊट वगैरह) के साथ मौके पर दिनांक 03.04.2023 को 1.00 बजे उपस्थित रहें।

सील

राजस्व निरीक्षक
सिकोला

न्यायालय तहसीलदार, कुण्डा, जिला कबीरधाम (छ.ग.)

ईश्तहार

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि महली को सूचित किया जाता है कि आवेदक गंगिया आ. जगत साहू जाति तेली निवासी ग्राम कोदवाकला तहसील कुंडा जिला कबीरधाम छ.ग. के द्वारा अपने भाई श्री गंगाराम पि. जगत मृत्यु दिनांक दिनांक 01/01/2004 को ग्राम में हुआ है। जिसका मृत्यु/जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन कराने हेतु आवेदन पत्र शपथ पत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, पंचनामा प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति या संस्था को कोई आपत्ति हो तो 12/04/2023 तक मेरे न्यायालय में उपस्थित होकर स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्य से प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि पश्चात् किसी भी प्रकार के दावा आपत्ति पर विचार न किया जावेगा।

आज दिनांक 28/03/23 को मेरे न्यायालय की की मुहर हस्ताक्षर से जारी किया गया।

सील

तहसीलदार
कुंडा
जिला कबीरधाम (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
Tel. No. 07727-223138 E-mail: cmobalodabazar@rediffmail.com & cmobalodabazar@ymail.com

क्रमांक /3381/ रा.वि./ न.पा./2023 — बलौदाबाजार, दिनांक 28/03/2023

// दुकान नीलामी सूचना //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार के स्वामित्व अधीन निर्मित मटन मार्केट, पाइंदा रोड, वार्ड क्र. 10, बलौदाबाजार की आरक्षण वर्ग अनुसार दुकान की नीलामी दिनांक 28.04.2023, दिन शुक्रवार को स्थान- कार्यालय नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार में दोपहर 12.00 बजे से किया जायेगा। अतः इच्छुक बोलीदार आरक्षण वर्ग अनुसार जाति प्रमाण-पत्र की छायाप्रति एवं मूलप्रति (अनारक्षित को छोड़कर) तथा नो ड्यूस (कर बकाया नहीं) प्रमाण-पत्र सहित दिनांक 24.04.2023 दिन सोमवार सायं 5.30 बजे तक आवेदन शुल्क 5000/- रु. जमा कर प्रस्तुत कर सकतें हैं एवं दिनांक 26.04.2023 दिन बुधवार अमानत राशि 31200.00 रुपये जमा कर बोली में भाग ले सकतें हैं। अमानत राशि बोली तिथि को नहीं लिया जावेगा। इस आशय की विस्तृत जानकारी नियम शर्तें कार्यालयीन समय में निकाय के राजस्व शाखा में देखी जा सकती है।

आरक्षण का विवरण

क्र.	आरक्षण की स्थिति	आरक्षित दुकान क्रमांक
1	अनारक्षित 10 दुकान (एक दुकान महिला के लिए)	अनारक्षित- 01, 04, 07, 09, 11, 14, 16, 18, 20, 23 (दुकान क्र. 16 अनारक्षित महिला के लिए)
2	अनुसूचित जाति 06 दुकान (एक दुकान महिला के लिए)	अनुसूचित जाति- 06, 13, 22, 25, 29, 32 (दुकान क्र. 22 अनुसूचित जाति महिला के लिए)
3	अनुसूचित जनजाति 02 दुकान	अनुसूचित जनजाति - दुकान क्र. 02 एवं 05
4	अन्य पिछड़ा वर्ग 08 दुकान (एक दुकान महिला के लिए)	अन्य पिछड़ा वर्ग 03, 10, 15, 19, 26, 28, 30, 31 (दुकान क्र. 30 अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए)
5	विधवा 01 दुकान	विधवा- दुकान क्र. 27
6	तृतीय लिंग 01, दुकान	तृतीय लिंग- 24
7	विकलांग 01 दुकान	विकलांग- 21
8	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी 01 दुकान	स्वतंत्रता संग्राम सेनानी- 17
9	भूतपूर्व सैनिक 01 दुकान	भूतपूर्व सैनिक- 08
10	शिक्षित बेरोजगार 02 दुकान	शिक्षित बेरोजगार- 12, 33

दुकानों का विवरण

नीलामी दुकान की संख्या, क्रमांक एवं कुल क्षेत्रफल		प्रिमियम राशि प्रति दुकान साईज के अनुसार
(33 दुकान) दुकान क्र. 01 से 33	80 वर्गफीट	311920.00 रू.

टीप- निर्धारित तिथि में किसी अपरिहार्य कारणों से नीलामी नहीं होने की स्थिति में आगामी तिथि को नियत समय में नीलामी की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार

संक्षिप्त खबरें

काम नहीं करने पर एजेंसी ब्लैक लिस्ट

भिलाई/नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई ने काम नहीं करने वाली एजेंसी को ब्लैक लिस्ट कर दिया है। जोन क्रमांक 4 शिवाजी नगर की जोन आयुक्त पूजा पिल्ले ने कार्यवाही की है। काम में ढिलाई और लापरवाही बरतने वाले एजेंसी मेसर्स ज्ञानेश्वर वर्मा को ब्लैक लिस्ट किया गया है। मामला वार्ड नंबर 33 का है जहां पीडीएस भवन के पास भवन का निर्माण कार्य होना था परंतु ठेकेदार को दी गई अवधि में भी काम पूरा नहीं हुआ, जबकि 120 दिनों में काम पूर्ण होना था। एजेंसी को 23 नवम्बर 2021 में कार्यादेश दिया गया था, काम 23 मार्च 2022 को हो जाना था। एजेंसी ने इसमें रुचि नहीं दिखाई। आज कार्य समाप्ति की तिथि से पूरे 1 साल बीत चुके है। निगम के अधिकारियों के द्वारा अंतिम चेतावनी के बाद जब कार्य का निरीक्षण किया गया तब भी स्थिति जस की तस पायी गई तथा मौके पर काम भी बंद मिला। एजेंसी को कार्य में प्रोग्रेस लाने 5 बार निगम ने नोटिस जारी किया साथ ही दूरभाष से भी संपर्क कर काम शीघ्र पूरा करने कहा गया लेकिन ठेकेदार काम को लेकर हमेशा टाल मटोल करता रहा। जिसके चलते मिलने वाली सुविधाओं से आम लोगो को वंचित होना पड़ रहा है। जिसको देखते हुए आखिरकार भिलाई निगम ने एजेंसी के विरुद्ध बड़ा एक्शन लेते हुए संविदा में दी गई नियम शर्तों के आधार पर अनुबंध को निरस्त करते हुए एजेंसी को काली सूची में दर्ज करने की कार्यवाही की है। यही नहीं एजेंसी की जमा धरोहर राशि को भी राजसात कर दिया है। एजेंसी अब आगामी 2 वर्षो तक के लिए निगम की निविदा में भाग नहीं ले पाएगी। उल्लेखनीय है कि नगर निगम आयुक्त रोहित व्यास ने कार्यों में प्रोग्रेस लाने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

नाली निर्माण में मिली शिकायत, पार्षद ने ठेकेदार को दी हिदायत

कुम्हारी/नवप्रदेश। वार्ड 21 में बस्ती से शीतला तालाब तक हो रहे नाली के निर्माण में शिकायत मिलने पर पालिकाध्यक्ष राजेश्वर सोनकर सीएमओ जितेंद्र कुशवाहा इंजीनियर सहित मौके पर मुआयना करने पहुंचे। ग्रामीणों ने वार्ड पार्षद प्रमोद चंद्राकर से निर्माण को लेकर शिकायत की थी जिसका समाधान कर पालिकाध्यक्ष ने ठेकेदार को आवश्यक निर्देश दिए एवं आने वाली समस्या को किस तरह दूर किया जाय इस विषय पर ग्रामीणों से चर्चा भी की साथ ही स्वास्थ्य केंद्र से शीतला तालाब तक बनने वाली बी टी सड़क का अवलोकन कर उसकी गुणवत्ता में किसी प्रकार की कोई कमी ना हो इसके लिए आवश्यक निर्देश दिए। अध्यक्ष राजेश्वर सोनकर ने कहा कि नाली हो या सड़क निर्माण , गुणवत्ता को लेकर किसी भी तरह का समझौता नहीं किया जाएगा साथ ही कार्य मे कोताही बरतने वालों पर आवश्यक कार्यवाही भी की जाएगी।

शोर-शराबे के बीच महापौर ने पेश किया दुर्ग निगम का बजट

- **जनकल्याणकारी बजट से जनता की पूरी होगी उम्मीद : महापौर**
- **सत्तापक्ष को घेरने विपक्ष का रहा प्रयास**

दुर्ग/ नवप्रदेश। नगर पालिका निगम दुर्ग के सामान्य सभा की बजट बैठक में मंगलवार को महापौर धीरज बाकलीवाल ने निगम के सत्र 2023-24 का बजट सदन में पेश किया।

बजट को महापौर ने जनकल्याणकारी बजट बताते हुए कहा कि यह बजट विकास की गतिशीलता, खुशहाली, समृद्धि, जनता की तरक्की, उम्मीदों, अपेक्षाओं, विश्वास और अकांक्षाओं को पूरा करने वाला बजट है। बजट को निगम परिषद् व जनता से सुझाव लेकर तैयार किया गया। निश्चित ही यह बजट आगामी समय में शहर में विकास की नई गाथा तय करेगी। महापौर धीरज बाकलीवाल के बजट भाषण के उपरांत बजट पर विभागवार चर्चा जारी थी। महापौर धीरज बाकलीवाल मंगलवार को सामान्य सभा की बजट बैठक में शामिल होने के पूर्व मां चंडी मंदिर,पंचमुखी हनुमान मंदिर व जैन मंदिर पहुंचे थे। यहां उन्होने दर्शन कर शहर के लोगों की सुख-समृद्धि व खुशियाली के लिए कामना की। तत्पश्चात् वे बीआईटी कॉलेज के मैकेनिकल कॉन्फेंस हॉल में आयोजित सामान्य सभा की बजट बैठक में शामिल होने पहुंचे। महापौर धीरज बाकलीवाल नगर निगम के बजट पुस्तिका को छत्तीसगढ़ के संस्कृति अनुरुप गोबर से सुसज्जित हैंड बैग में लेकर सदन में प्रवेश किया। इस दौरान उनके साथ वित्त, जलगृह प्रभारी संजय कोहले, एमआईसी प्रभारी भोला महोबिया, पार्षद भास्कर कुंडले, एल्डरमैन रत्ना नारमदेव के अलावा अन्य एमआईसी प्रभारी व पार्षदगण मौजूद थे। महापौर द्वारा बजट पुस्तिका को नए अंदाज में लेकर सदन में प्रवेश करने की सत्तापक्ष, विपक्ष व अन्य पार्षदों की सराहना मिली है।

निगम के 11 कर्मचारी हुए इधर से उधर

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई में कार्यरत 11 कर्मचारियों का स्थानांतरण कर नवीन पदस्थापना दी गई है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी ने इसका आदेश जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक लीला लहरी सहायक ग्रेड 3 जनगणना विभाग को भवन अनुज्ञा शाखा में, वीरेंद्र चतुर्वेदी सहायक ग्रेड 3 भवन अनुज्ञा शाखा को लेखा शाखा कैशियर कार्य हेतु, हरिओम गुप्ता सहायक राजस्व निरीक्षक राजस्व विभाग बेदखली दल को राजस्व विभाग में लिपिकीय कार्य हेतु, तेजस्व गुप्ता स्वच्छता पर्यवेक्षक सिटी बस विभाग/एमएमयू को राजस्व विभाग में लिपिकीय कार्य हेतु, लक्ष्मी नारायण पटेल सफाई कामगार राजस्व विभाग को जनगणना विभाग में भृत्य कार्य हेतु, एवन वर्मा चौकीदार भवन अनुज्ञा शाखा को जनगणना विभाग में तथा शशि भूषण मोहंती चौकीदार भवन अनुज्ञा शाखा को जनगणना विभाग में पदस्थ किया गया है।

बीएसपी के रिटायर कर्मियों को दी ससम्मान विदाई

- **सोसाइटी की प्रगति में वरिष्ठ कर्मियों की विशेष भूमिका : मिश्र**

भिलाई/ नवप्रदेश। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मियों की सहकारी संस्था इस्पात कर्मचारी को-ऑपरेटिव क्रेडिट सोसाइटी लिमिटेड सेक्टर-6 में माह फरवरी-23 और उसके पूर्व सेवानिवृत्त हुए सदस्यों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान रिटायर कर्मियों को जमा राशि का भुगतान चेक के माध्यम से कर ससम्मान विदाई दी गई। वहीं हाल ही में दिवंगत हुए सेवानिवृत्त बीएसपी कर्मियों को श्रद्धांजलि दी गई। अध्यक्ष बृज बिहारी मिश्र व सोसायटी के पदाधिकारियों ने रिटायर हुए कर्मियों का सम्मान करते हुए उन्हें सुखद भविष्य की शुभकामनाएं दी। मिश्र ने अपने स्वागत भाषण में कहा कि भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा में अपने जीवन का स्वर्णिम समय देने वाले इन रिटायर कर्मियों की विशेष भूमिका की बदौलत हमारे संस्थान ने लगातार प्रगति की है। यह सभी हमारी सोसाइटी के आधार स्तंभ हैं। इन रिटायर सदस्यों में महेंद्र कुमार, विनय कुमार,नासिर हुसैन, भागवत प्रसाद,जगदीश प्रसाद दशोरे, अब्दुल गनी,अंबरीश कुमार पाठक, कमलेश खुटेल,तारकेश्वर पांडेय, रविंद्र कुमार,अनिल कुमार बघेल, अंजन कुमार भूआर्य, शिव कुमार, दिलीप कुमार सतपथी, देवेंद्र कुमार देवांगन, रघुनाथ प्रसाद, लक्ष्मण सिंह सहित अन्य को सोसाइटी की ओर से ससम्मान विदाई दी गई। इस दौरान कुछ रिटायर सदस्यों ने भी अपनी भावनाएं व्यक्त कीं।

नागरिकों को सुविधाएं देने 120.41 करोड़ का बजट प्रस्तुत

- **पेयजल व्यवस्था को सुदृढ़ करने महापौर निधि से खरीदा जाएगा चार टैंकर**

रिसाली/ नवप्रदेश। रिसाली महापौर शशि सिन्हा ने बुधवार को 120 करोड़ 41 लाख 16 हजार का 2023-24 के लिए बजट प्रस्तुत की। वे ठीक 12 बजे नगर पालिक निगम मुख्य कार्यालय स्थित सभागार पहुंची। महापौर द्वारा लगभग 20 मिनट के बजट अभिभाषण प्रस्तुत करने के बाद सभापति केशव बंछोर ने विशेष सभा में बजट संकल्प ध्वनि मत से पारित कराया। हालांकि सदन में विपक्ष पार्षदों ने चर्चा में शामिल नहीं होने की बात कहते हुए अंत तक हंगामा करते रहे। नगर पालिक निगम का दूसरा बजट महापौर शशि सिन्हा द्वारा सदन में रखते ही सत्तापक्ष के पार्षद सदस्यों ने टेबल ठोक कर ध्वनी मत से पारित किया। अभिभाषण के दौरान कांग्रेसी पार्षदों ने कई बार ताली और मेज बजाकर बजट का समर्थन करते रहे। हालांकि महापौर का अभिभाषण शुरू होने से पहले विपक्षी पार्षदों ने हंगामा शुरू कर दिया। जैसे ही विपक्ष सभापति आंशदी के सामने जमीन पर बैठे, महापौर शशि ने बजट अभिभाषण पढ़ना शुरू कर दिया। बजट संकल्प ध्वनि मत से पारित होते ही सभापति ने राष्ट्रगान कराकर सभा समाप्ती की घोषणा की। सदन में दुर्ग ग्रामीण विधायक, गृह एवं लोक निर्माण विभाग मंत्री ताम्रध्वज साहू के प्रतिनिधि के रूप में जितेन्द्र साहू व दुर्ग सांसद प्रतिनिधि के रूप में दीपक चंद्राकर मौजूद थे। वहीं महापौर परिषद के सद्स्य चन्द्रभान सिंह ठाकुर, गोविन्द चतुर्वेदी, अनुप डे, सनीर साहू, चन्द्रप्रकाश सिंह निगम, सोनिया देवांगन, ईश्वरी साहू, परमेश्वर कुमार और पार्षद, एल्डरमेन प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री के प्रति जताया आभार- महापौर शशि ने बजट अभिभाषण में क्षेत्रीय विधायक व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू और विशेष तौर पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त की।

मिनी स्टेडियम खुर्सीपार में निर्मित दुकानों की नीलामी करेगी निगम

- **नेशनल हाईवे से लगी फ्रंट लोकेशन में दुकान खरीदने का मिल रहा है अच्छा मौका**

भिलाई/ नवप्रदेश। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 4 शिवाजीनगर जोन अंतर्गत पंडित दीनदयाल पुरम खेल परिसर मिनी स्टेडियम खुर्सीपार भिलाई में निर्मित भूतल की दुकानों की नीलामी व्यवसायिक प्रयोजन के लिए की जा रही है। इसकी प्रक्रिया पूरी तरीके से ऑनलाइन होगी। आज से ऑनलाइन दस्तावेज जमा करने की प्रक्रिया चालू हो गई है, 17 अप्रैल 2023 समय 5:30 बजे तक ऑनलाइन दस्तावेज जमा कर सकते हैं। 30 वर्ष के किराएदारी के लिए दुकानें मिलेंगी। नेशनल हाईवे से लगा हुआ लोकेशन में दुकान बना हुआ है। दुकान के प्रकार के हिसाब से 54 दुकाने नीलामी के लिए तैयार है। सभी के ऑफसेट मूल्य, धरोहर राशि और दुकान का किराया राशि का निर्धारण भी कर दिया गया है। निविदा में भाग लेने के लिए एवं नियम शर्तो को जानने के लिए तथा मानचित्र या उससे संबंधित जानकारी के लिए ऑनलाइन पोर्टल https:// eproc.cgstate.gov.in, www.bhilainagarnigam.com तथा www.uad.cg.gov.in पर देखी जा सकती है। निविदाकारो को ऑक्शन में भाग लेने के लिए https://eproc.cgstate.gov.in पर पंजीकृत करना अनिवार्य होगा। ऑनलाइन निविदा प्रक्रिया की संपूर्ण कार्यवाही भी इसी पोर्टल के माध्यम से होगी।

चंद्रप्रकाश मांडले को मिली भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा की कमान
आज दिनांक 24/3/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुहर के साथ जारी किया गया है।

सील — तहसीलदार दुर्ग छ.ग.

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर, तहसील व जिला दुर्ग

ईश्तहार

(रा.प्र.क्र. आरडी202223430103300070 अ / 6 वर्ष 2022 - 23)

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय का रा.प्र.के. आरडी202223430103300070/ अ- 6 / वर्ष 2022-23 में आवेदक - श्रीमती चंपा देवी पति स्व. चन्द्रभान अन्य 01 निवासी- सुपेला भिलाई द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं. 19 रा.नि.मं. कोहका तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि स्वामी हक की भूमि ख.नं. 2631/68 रकबा 0.020 हे. है जो भूमिस्वामी चन्द्रभान पिता स्व. रामचरण के नाम पर दर्ज है। जिसमें भूमिस्वामी चन्द्रभान पिता स्व. रामचरण की मृत्यु दिनांक 19/12/2018 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर वैध वारिसानो का नाम दर्ज किये जाने बाबत आवेदन पत्र मय बी-01 की नकल, मृत्यु प्रमाण पत्र, ऋण पुस्तिका की छया प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतः उपरोक्त भूमि फौती नामांतरण किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को आपत्ति या उजर दावा हो तो सुनवाई तिथि दिनांक 12/04/23 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त आवेदन पत्र पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13/03/2022 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई नगर

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा

अ-2/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक ओम प्रकाश साहू आ. राधेश्याम साहू निवासी सतमरा पो. बेलौदी के द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम रिसाली प.ह.नं. 22 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 827/26 रकबा 0.0153 हे. 1650 वर्गफीट (आवासीय) प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके सबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा-आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा प्रकाशन से 07 दिवस तक स्वंय अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 15/03/2023 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की के साथ जारी किया गया।

सील — अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. अ-6/2022-23

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है । आवेदिका सीमा सुर पिता डी.के. सुर निवासी ग्राम सेक्ट 3 भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 480/50 रकबा 0.02 हे. भूमि जो कि आवेदक/ शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार सविता सुर की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों को नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था का किसी प्रकार का उजर या दाबा हो तो वह पेशी दिनांक 29/03/2023 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 24/03/2023 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा के साथ जारी किया गया है।
जारी दिनांक 24/03/2023
सुनावाई दिनांक 29/03/2023

सील — तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.न. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. आरडी202223440725600051

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी चयन कुमार पाहूजा पिता स्व. नारायण दास पाहूजा पिता/पति-परिवर्तित भूमि पता- बैरन बाजार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 466/10 (0.0360) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता डॉ. संदीप साहू पिता पंचराम साहू, श्रीमती मंजूषा साहू पति डॉ. संदीप साहू पिता/पति- पता प्रियदर्शनी नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर
मामले की श्रेणी- राजस्व
संदर्भ- जिला रायपुर तहसील रायपुर प.ह.न. 00070 टिकरापारा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्र.क्र. आरडी202223440725600052

ईश्तहार

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00070 के अंतर्गत ग्राम टिकरापारा के वर्तमान भूमिस्वामी दिलीप कुमार पाहूजा पिता स्व. नारायण दास पाहूजा पिता/पति परिवर्तित भूमि पता- बैरन बाजार रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 466/4 (0.0370) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/ क्रेता डॉ. संदीप साहू पिता पंचराम साहू, श्रीमती मंजूषा साहू पति संदीप साहू पिता/पति- पता प्रियदर्शिनी नगर रायपुर के नाम पर पंजीयन/फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरुस्ती /खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20/03/2023 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी ।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपति स्वयं/अधिवक्ता/ आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 04/03/2023 को जारी किया जाता है।

सील — अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, ग्रामीण यांत्रिकी सेवा संभाग बालोद
Phone No.- 07749-222370, ईमेल आईडी- ee-res.balod@gov.in

Zonal Tender सूचना चतुर्थ बार

क्रमांक/36/व.ले.लि./ग्रा.यां.से. /2022-23 — बालोद, दिनांक 24.03.2023

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत सक्षम श्रेणी के ठेकेदारों से निम्न दर्शित क्षेत्रीय निविदा (Zonal Tender) हेतु जनपद पंचायत (ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र हेतु) डौण्डीलोहारा ग्रुप (ब) निविदा हेतु प्रमुख अभियंता ग्रामीण यांत्रिकी सेवा विकास आयुक्त कार्यालय रायपुर द्वारा दिनांक 01.11.2021 से एवं विद्युतीकरण कार्य हेतु प्रमुख अभियंता लोक निर्माण विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रचलित तथा सिविल कार्य हेतु लोक निर्माण विभाग के दिनांक 01.01.2015 एवं नलकुप खनन हेतु प्रमुख अभियंता लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग रायपुर द्वारा दिनांक 01.06.2020 से प्रभावशील दर अनुसूची की मुद्रित एवं अद्यतन संशोधित दरों पर निविदा प्रतिशत दर पर दिनांक 03.04.2023 को अपरान्ह 5.30 बजे तक निविदा आमंत्रित की जाती है तथा प्राप्त निविदाओं को दिनांक 05.04.2023 को 11.30 बजे पूर्वान्ह में खोली जावेगी :-

(1) निविदा राशि रू. **20.00 लाख**
(2) अमानत राशि रू. **20000.00**
(3) निविदा प्रपत्र का मूल्य - रू. 750.00

निविदा दस्तावेज कार्यालय द्वारा विक्रय नहीं किया जावेगा, ऑनलाईन पोर्टल https://res.cg.gov.in/ अन्य पोर्टल जिसे निविदा विज्ञप्ति में दर्शाया गया है दिनांक 24.03.2023 से डाउनलोड किया जा सकता है एवं कार्यालयीन अवधि में कार्यालय में उपस्थित होकर देखी जा सकती है।

जी-99633/3

कार्यपालन अभियंता
ग्रामीण यांत्रिकी सेवा खण्ड बालोद
जिला - बालोद (छ.ग.)

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नं. 74 सरोरा रोड उरला इंडस्ट्रीयल एरिया से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे, फोन : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक CG/RYP/DN/ 40/2019-2021

मैत्री में श्रेनु पारिख के लिए एक बच्चे के साथ शूटिंग करना हुआ मुश्किल

टीवी एक्ट्रेस श्रेनु पारिख शो मैत्री में मुख्य भूमिका निभा रही हैं। एक्ट्रेस ने एक बच्चे अजीमा शेख के साथ शूटिंग के अपने अनुभव को साझा किया और बताया कि शुरू में उनका नर्वस साइड कैसे गायब हो गया था। श्रेनु ने कहा, जो बच्चा नंदिनी (भाविका चौधरी) के बेटे का किरदार निभा रहा है, वह वास्तव में एक बच्ची है और जब मुझे पता चला कि हम एक नवजात के साथ शूटिंग शुरू करने जा रहे हैं, तो मैं बहुत घबरा गई। हम सभी जानते हैं कि इसे संभालना कितना मुश्किल है। छोटे बच्चे और उनके साथ शूटिंग करना पूरी तरह से एक और काम है। कोई भी नवजात के मूड का अनुमान नहीं लगा सकता है।

मृणाल ठाकुर के बॉडीकॉन ड्रेस ने खींचा फैंस का ध्यान, देखें स्टाइल भरा अंदाज

बॉलीवुड एट्रेस मृणाल ठाकुर इन दिनों अपने बोल्ड और स्टाइलिश लुस के चलते सोशल मीडिया पर लाइमलाइट में बनी हुई हैं। टीवी करियर से बॉलीवुड तक का सफर तय करने वाली एट्रेस का जल्द ही एक अलग अंदाज देखने को मिलेगा मर्डर मिस्ट्री फिल्म गुमराह में।

हाल ही में ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने बेहद ही स्टाइलिश आउटफिट पहना हुआ था जिसकी फोटोज उन्होंने इंस्टाग्राम पर शेयर की हैं। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर बॉलीवुड इंडस्ट्री की उन एक्ट्रेसेस में से एक हैं जिन्होंने बेहद ही कम समय में अपने नाम एक बड़ा मुकाम हासिल किया है। एक्ट्रेस जब भी अपनी फोटोज इंस्टाग्राम पर शेयर करती हैं तो वो हमेशा इंटरनेट का पारा गर्म कर देती हैं। हाल ही में एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने लेटेस्ट ब्लैक एंड व्हाइट कलर के लॉन्ग बॉडीकॉन आउटफिट में फोटोज शेयर की हैं। इन तस्वीरों में एक्ट्रेस कैमरे के सामने अपना कर्वी फिगर फ्लॉन्ट करती हुई बेहद ही किलर लुक्स में पोज देती हुई दिखाई दे रही हैं। ओपन हेयर और न्यूड मेकअप कर के एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर ने अपने इस आउटलुक को कंप्लीट किया है। बता दें कि एक्ट्रेस जल्दी ही अपनी अपकमिंग फिल्म गुमराह में एक पुलिस अफसर के रोल में मर्डर मिस्ट्री को सुलझाती नजर आएंगी। ये फिल्म 7 अप्रैल को रिलिज होने जा रही है। एक्ट्रेस मृणाल ठाकुर इन फोटोज में अपना डीपनेक क्लीवेज फ्लॉन्ट करती हुई नजर आ रही हैं। मृणाल ठाकुर सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं और इंस्टाग्राम पर उनकी फैन फॉलोइंग लिस्ट काफी तगड़ी है।

कुंडली भाग्य में पहली बार मां का किरदार निभाएंगी इरा सोन

अभिनेत्री इरा सोन, जिन्होंने 2007 में लोकप्रिय शो कुमकुम - एक प्यारा सा बंधन से अपने अभिनय करियर की शुरूआत की थी और आखिरी बार देश की बेटी नंदिनी में देखी गई थीं, सात साल बाद एकता कपूर की कुंडली भाग्य के साथ छोटे पर्दे पर आने के लिए तैयार हैं।

उन्होंने शो का हिस्सा बनने और पहली बार मां की भूमिका निभाने के बारे में बात की।

शो में अपने किरदार के बारे में उन्होंने कहा, मैं लीप के बाद शो में मां का किरदार निभा रही हूं, जो मेरे पूरे करियर में पहली बार है।

सात साल बाद कुंडली भाग्य में वापसी करने के बारे में उन्होंने कहा, मैंने कुंडली भाग्य को चुना क्योंकि यह हिट शो है, इसकी कहानी शानदार है। मुझे लगा कि मां की भूमिका निभाने के लिए यह मेरे लिए बिल्कुल सही शो है। क्योंकि इसमें बहुत सारे शेड्स हैं और यह बाकियों से अलग है। उन्होंने एक मां की भूमिका निभाने पर अपनी प्रतिक्रिया साझा करते हुए कहा: मैं शूटिंग के पहले दिन नर्वस थी कि मैं इसे कर पाऊंगी। लेकिन मैंने इसे एक चुनौती के रूप में लिया और यह मेरे लिए कुछ नया और अलग है, मैं काफी उत्साहित हूं। मुझे उम्मीद है कि मैं एक मां के किरदार में फिट हो जाऊंगी। कम उम्र में मां की भूमिका निभाने के बारे में उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि आज किसी किरदार को निभाने की कोई उम्र सीमा है। मां का किरदार सिर्फ एक टिपिकल करेक्टर नहीं है, बल्कि उसका अपना शेड है और उसका अपना ग्राफ है, जिसे आप शो में देखेंगे। मैं इससे बेहद खुश हूं।

फिर बनेगी अक्षय-जॉन की जोड़ी, बनने जा है देसी बॉयज का सीक्वल



बॉलीवुड एक्टर अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के फैन्स के लिए एक बड़ी खबर सामने आ रही है। लेटेस्ट रिपोर्ट में दावा किया जा रहा है कि देसी बॉयज का सीक्वल बनने जा रहा है और सीक्वल यानी देसी बॉयज 2 में सेम कास्ट नजर आने वाले है। आपको बता दे, फिल्म देसी बॉयज में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम के साथ दीपिका पादुकोण और चित्रागंदा सिह भी थीं। फिल्ममेकर आनंद पंडित ने कहा कि उनकी फर्म कई भाषाओं में कई फिल्मों पर काम कर रही है। उनके पास देसी बॉयज 2, द बिग बुल, सरकार 4 और ओमकारा का रीमेक है। हमने फिल्म वीर सावरकर भी पूरी की है। फिल्म देसी बॉयज 2 में अक्षय कुमार और जॉन अब्राहम की वापसी पर आनंद पंडित ने कहा, मैं सेम कास्ट या नई कास्ट या मिक्स एंड मैच कास्ट के बारे में सुनिश्चित नही हूं क्योंकि मैं इसे युवा फिल्म के तौर पर बनाना चाहता हूं।

वर्क फ्रंट की बात करें तो अक्षय कुमार के पास कई फिल्में हैं। वह बड़े मियां छोटे मियां, गोरखा, ओएमजी 2, कैप्सूल गिल जैसी कई फिल्मों में काम करते नजर आएंगे। वहीं जॉन अब्राहम पिछली बार फिल्म पठान में काम करते दिखाई दिए थे। उनकी इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर जबरदस्त कमाई की है।

नाटू-नाटू सुनकर ही खाना खाता है जेह : करीना कपूर खान

बॉलीवुड एक्ट्रेस करीना कपूर खान के स्ट्रीमिंग टॉक शो व्हाट वीमेन वांट का चौथा सीजन रिलीज हुआ। उन्होंने खुलासा किया कि उनके छोटे बेटे जहांगीर को ऑस्कर विनिंग सॉन्ग नाटू नाटू पर डांस करना बहुत पसंद है और वह तब तक नहीं खाता, जब तक कि उसके लिए वह गाना नहीं बजाया जाता।

एक्ट्रेस ने बताया, जब हम नाटू नाटू प्ले करते हैं तो जेह अपना रात का खाना खाता है और वह गाने का ओरिजनल वर्जन चाहता है न कि हिंदी डब वर्जन। गाना 2 साल के बच्चे के दिल को छू गया है, जो यह दिखाता है कि उन्होंने फिल्म और गाने में काफी काम किया है। 95वें एकेडमी अवॉर्ड में भारत के दो ऑस्कर जीतने के साथ, यह हर भारतीय के लिए गर्व की भावना लेकर आया है। करीना को उस इंडस्ट्री का हिस्सा बनने पर गर्व महसूस होता है, जो अंतरराष्ट्रीय मंच पर देश का नाम रोशन कर रहा है। उन्होंने कहा, मुझे यह देखकर बहुत गर्व होता है कि दर्शक अधिक फिल्में देख रहे हैं, चाहे वह हिंदी फिल्में हों, क्षेत्रीय फिल्में हों, समानांतर फिल्में हों या डॉक्यूमेंट्री हों। लोग भारतीय सिनेमा को अधिक गंभीरता से ले रहे हैं और इंडस्ट्री का हिस्सा होने के रूप में यह मेरे दिल को हमारे दर्शकों के प्रति गर्व और आभार से भर देता है। व्हाट वीमेन वांट का चौथा सीजन मिर्ची प्लस के यूट्यूब चैनल पर स्ट्रीम करने के लिए उपलब्ध है।

खेल

अफगानिस्तान ने पाकिस्तान के खिलाफ जीती टी-20 सीरीज

दूसरे मुकाबले में 7 विकेट से हराया, 2-0 से बनाई बढ़त, अब क्लीन स्वीप का मौका

रन - 64 | बॉल - 57
स्ट्राइक रेट - 112.28 | 4/6 - 3/2

शारजाह। अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तीन टी-20 सीरीज UAE में खेली जा रही है। रविवार शाम दोनों टीमों के बीच सीरीज एक दूसरा मुकाबला शारजाह में खेला गया। अफगानिस्तान ने दूसरे मैच में पाकिस्तान को 7 विकेट से हराकर सीरीज में 2-0 से बढ़त हासिल की और कब्जा जमाया। अब तीसरा मुकाबला जीत कर अफगानिस्तान के पास क्लीन स्वीप करने का मौका है। तीसरा टी-20 सोमवार को खेला जाएगा।

पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में 6 विकेट खो कर 130 रन बनाए। इमाद वसीम के बल्ले से अर्धशतक निकला। जवाब में लक्ष्य के पीछा करने उतरी अफगानिस्तान ने 1 बॉल शेष रहते 133 रन बना लिए।

पाकिस्तान ने 63 पर दिए थे 5 विकेट

टॉस जीत कर पहले बल्लेबाजी करने उतरी टीम पाकिस्तान के पहले 5 विकेट 63 रन पर गिर गए थे। सलामी बल्लेबाज सईम अयूब 0 रन पर ही आउट हो गए। इसके बाद अब्दुल्लाह शफीक भी खता नहीं खोल सके और पहली ही गेंद पर आउट हो गए। मोहम्मद हारिस 15 रन, तैयब ताहिर 13 और आजम खान 1 रन बना कर आउट हुए। इसके बाद इमाद वसीम और शादाब खान ने पारी को संभाला। इमाद ने 64 रन बनाए और कप्तान शादाब की पारी खेली। दोनों के बीच 54 बॉल में कुल 66 रन की पार्टनरशिप हुई। 20 ओवर में पाकिस्तान ने 130 रन बनाए।

बॉलिंग में फाजलहक फारूकी चमके। उन्होंने 4 ओवर में 2 विकेट लिए। वहीं, नवीन-उल-हक, मुजीब उर रहमान, रशीद खान और करीम जनत को 1-1 विकेट मिला।

रन - 65 | बॉल - 68

अफगानिस्तान ने सूझबूझ ने खेली पारी

अफगानिस्तान के ओपनर रहमानुल्लाह गुरबाज ने समय लिया और 49 गेंद में 44 रन बनाए। उस्मान 7 और इम्ब्राहीम जदरान 38 रन बना कर आउट हुए। नजीबुल्लाह जादरान 23 और मोहम्मद नबी 14 रन बना कर नाबाद रहे और टीम को 1 बॉल रहते मैच जीताया।

पहली बार टॉप 6 टीम के सीरीज जीती

अफगानिस्तान ने पहली बार टॉप 6 किसी के खिलाफ सीरीज जीती है। टॉप-6 टीम में,भारत पाकिस्तान, इंग्लैंड ,साउथ अफ्रीका, ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड आते है। अफगानिस्तान इससे पहले वेस्टइंडीज, बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ सीरीज जीत चुकी है।

एक नजर

MI बनी WPL की पहली चैंपियन

मुंबई इंडियंस की जीत पर खिलाड़ियों का रिएक्शन, हरभजन सिंह बोले- आली रे एक और ट्रॉफी

विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का फाइनल मुकाबला ब्रेबोर्न स्टेडियम में मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेला गया। फाइनल मैच में मुंबई इंडियंस ने दिल्ली कैपिटल्स को 7 विकेट से हरा दिया। मुंबई इंडियंस ने पहली विमेंस प्रीमियर लीग (WPL) का खिताब जीत लिया है। टॉस जीतकर पहले बैटिंग करने उतरी दिल्ली ने 20 ओवर में 9 विकेट पर 131 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 19.3 ओवर में टारगेट हासिल कर लिया। एक तरफ जहां मुंबई इंडियंस की इस जीत की चर्चा हर जगह हो रही है तो वहीं सोशल मीडिया पर लगातार बधाइयों का तांता लगा हुआ है। मुंबई की इस जीत पर सचिन तेंदुलकर, युवराज सिंह, चेतेश्वर पुजारा और हरभजन सिंह ने भी मुंबई इंडियंस को ट्वीट करके बधाई दी है। आगे स्टोरी में हम मुंबई की जीत पर खिलाड़ियों के सोशल मीडिया रिएक्शन को देखेंगे।

राजस्थान रॉयल्स ने जयपुर में 68 प्रतिशत मैच जीते

14 में से 5 मुकाबले सवाई मान सिंह स्टेडियम में होंगे, बटलर-सैमसन को रास आएगी होम पिच

जयपुर। 31 मार्च से IPL 2023 का रोमांच शुरू हो जाएगा। IPL का यह 16वां सीजन होगा। इस सीजन में भी पिछली बार की फाइनलिस्ट टीम राजस्थान रॉयल्स पर सभी की निगाहें होंगी। पिछले साल ऑरेंज और पर्पल कैप हासिल करने वाले राजस्थान के दोनों खिलाड़ी जॉस बटलर और युजवेंद्र चहल भी इस साल टीम का हिस्सा होंगे। वहीं इस बार ये भी खास होगा कि राजस्थान रॉयल्स अपने पांच मुकाबले होमग्राउंड जयपुर में खेलेगी। राजस्थान रॉयल्स की टीम के कई खिलाड़ी जयपुर पहुंच चुके हैं। 30 मार्च तक रॉयल्स के तमाम खिलाड़ी जयपुर में ही प्रैक्टिस करेंगे। 2 अप्रैल को सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ राजस्थान का पहला मुकाबला होगा, जबकि 19 अप्रैल को लखनऊ सुपरजायंट्स के खिलाफ जयपुर में पहला मैच होगा।

साउथ अफ्रीका ने चेज किया T20I का सबसे बड़ा स्कोर

डिकॉक का 44 गेंद में शतक, जोनसन चार्ल्स ने तोड़ा क्रिस गेल का रिकॉर्ड

सेंचुरियन। साउथ अफ्रीका ने वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। अफ्रीकी टीम ने टी-20 इंटरनेशनल के इतिहास का सबसे बड़ा स्कोर चेज कर लिया है। रविवार शाम सेंचुरियन मैदान पर साउथ अफ्रीका ने तीन मैचों की टी-20 सीरीज के दूसरे मुकाबले में वेस्टइंडीज को 6 विकेट से हरा दिया। टीम के नाम वनडे क्रिकेट में सबसे बड़े रन चेज का रिकॉर्ड भी दर्ज है। इस ऐतिहासिक जीत में रीजा हैनरिक्स और क्विंटन डी कॉक ने अहम भूमिका निभाई। हैनरिक्स ने 28 गेंदों पर 68 रनों की विस्फोटक पारी खेली, जबकि डी कॉक ने 44 गेंदों पर शतक जड़ दिया। यह उनका पहली सेंचुरी है। रविवार शाम को खेले गए इस मुकाबले में वेस्टइंडीज ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में पांच विकेट पर 258 रन का पहाड़ स्कोर खड़ा किया। अफ्रीकी टीम के बल्लेबाजों ने 259 रन के टारगेट को 7 गेंद रहते हासिल कर लिया। इस जीत से सीरीज 1-1 की बराबरी पर आ गई है।

बुल्गारिया का रिकॉर्ड तोड़ा

साउथ अफ्रीका ने बुल्गारिया का रिकॉर्ड तोड़ा है, जिसे बुल्गारिया ने 26 जून 2022 को सोफिया में बनाया था। टीम ने 246/4 का स्कोर चेज किया था।

IPL के बैटिंग लीजेंड्स

रोहित हर 24 गेंदों में छक्का लगाते हैं, धवन 700 से ज्यादा चौके जमा चुके, विराट रनों के सम्राट

मुंबई। 31 मार्च से दुनिया की सबसे बड़ी क्रिकेट लीग यानी इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन शुरू हो रहा है। 59 दिनों तक चलने वाली इस लीग के मुकाबले 10 टीमों के बीच 12 शहरों में खेले जाएंगे।

74 मैच के इस क्रिकेट महाकुंभ से पहले हम आपके सामने लाए हैं लीग के अब तक के बैटिंग लीजेंड्स। इन बल्लेबाजों ने दमदार प्रदर्शन से न केवल अपनी टीमों को सफलता के नए शिखर तक पहुंचाया, बल्कि फैंस को रोमांचित भी किया। टॉप बैटर्स की इस लिस्ट में एबी डिविलियर्स जैसे दिग्गज हैं, तो विराट कोहली और रोहित शर्मा जैसे क्लासिक बल्लेबाज भी हैं। साथ ही इस सूची में वार्नर-धोनी जैसे मैच विनर भी शामिल हैं।

विराट कोहली- लंबी पारियां खेलने में माहिर, चेज मास्टर हैं

RCB के लिए ओपनिंग करते हैं, कप्तानी कर चुके हैं। क्लासिक खिलाड़ी होने के साथ लंबी पारी खेलकर गेम को फिनिश करने की काबिलियत रखते हैं। इन्हें स्कोर चेजिंग में महारथ है। इसलिए कोहली को चेज मास्टर भी कहते हैं।

न्यूज गैलरी

पिकअप व ट्रैक्टर में भिड़ंत, तीन की मौत, 22 घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के महासमुंद के नरतोरा के पास एनएच 53 में खड़ी ट्रैक्टर से टकराने से मालवाहक सवार तीन ग्रामीण की मौत हो गई। वहीं 22 अन्य घायल हुए हैं। घटना सोमवार रात साढ़े नौ बजे की बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार पिकअप और ट्रैक्टर ट्राली में जोरदार टक्कर हुई है। दूर्घटना में तीन ग्रामीण की मौत हुई, साथ ही दो बच्चों समेत छह लोग गंभीर हैं। इसके साथ ही 22 घायल बताए जा रहे है। ग्रामीणों के अनुसार झलप क्षेत्र के तेलीबांधा के दो लोगों की मौत होना बताया जा रहा है, वहीं रामपुर के एक व्यक्ति की मौत हुई है। रामपुर के महिला, पुरुष, बच्चे सहित 31 लोग मालवाहक पिकअप से शादी कार्यक्रम से लौट रहे थे। इसी बीच नरतोरा के पास पिकअप और ट्रैक्टर में टक्कर हुई। दूर्घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जमा हो गई। जिसके बाद स्थानीय पुलिस और डायल 112 को जानकारी दी गई और घायल लोगों को पुलिस सहायता से अस्पताल पहुंचाया गया।

फोर्टिफाइड चावल का वितरण 1 से पीडीएस दुकानों में

नगरी/नवप्रदेश। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत धमतरी जिले के सभी 444 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों में सभी बीपीएल राशन कार्डधारियों को आगामी एक अप्रैल से फोर्टिफाइड चावल का वितरण निर्धारित पात्रतानुसार किया जाएगा। खाद्य अधिकारी बीके कोर्राम ने बताया कि फोर्टिफाइड चावल में आवश्यक विटामिन, खनिजों की पूर्ति सुनिश्चित की गई है, जिसमें पौष्टिक तत्व आयरन, जिंक, फोलिक एसिड, विटमिन बी-12, सूक्ष्म तत्व मिश्रित किए गए हैं। यह पोषक तत्व गर्भवती महिलाओं में खून निर्माण, भ्रूण विकास, नर्वस सिस्टम के लिए बहुत फायदेमंद हैं। ज्ञात हो कि जिल में पूर्व से ही मध्याह्न भोजन और पूरक पोषण आहार योजनाओं में फोर्टिफाइड चावल वितरण किया जा रहा है। फोर्टिफाइड चावल सामान्य चावल से अधिक चिकना होने के कारण अरवा चावल से अलग दिखता है, लेकिन यह प्लास्टिक नहीं है, बल्कि बेहतर गुणवत्ता का चावल साबित हो रहा है। जिला खाद्य अधिकारी ने अफवाहों से सावनधान रहने की अपील लोगों से की है कि और बताया कि यह चावल प्लास्टिक नहीं बल्कि फोर्टिफाइड चावल है।

बड़ौदा आरसेटी में दिया जाएगा युवाओं को अगरबत्ती निर्माण का नि:शुल्क प्रशिक्षण

नगरी/नवप्रदेश। बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान धमतरी में दस दिवसीय घरेलू अगरबत्ती निर्माण का नि:शुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। इसके लिए स्वरोजगार के इच्छुक 18 से 45 वर्ष तक की आयु के ग्रामीण बेरोजगार हितग्राही आगामी 05 अप्रैल तक आवेदन कर सकते हैं। निदेशक, बड़ौदा आरसेटी सुश्री अनिता टुडू ने बताया कि आवासीय सुविधा युक्त इस प्रशिक्षण के लिए 35 सीटें आरक्षित हैं। प्रशिक्षण के दौरान घर में उपयोग होने वाले सुगंधित अगरबत्ती, हाथ से बने अगरबत्ती, लोभान धूप अगरबत्ती तथा आधुनिक मशीन द्वारा अगरबत्ती बनाना और उसकी पैकेजिंग इत्यादि की जानकारी दी जाएगी। राष्ट्रीय आजीविका मिशन द्वारा प्रयोजित इस प्रशिक्षण में उद्यमिता संबंधी जानकारी भी दी जाएगी। शैक्षणिक प्रमाण पत्र, राशन कार्ड, आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड की फोटोकॉपी और चार पासपोर्ट साईज के फोटो कम्पोजिट भवन के पास स्थित बड़ौदा स्वरोजगार विकास संस्थान में आवेदन जमा करना होगा। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 73899-43193, 88395-42410 और 97559-17024 पर सम्पर्क किया जा सकता है।

पांच टीआई और पांच सब इंस्पेक्टर्स का तबादला

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर पुलिस विभाग में एक बार फिर बड़े पैमाने पर अधिकारियों का तबादला किया गया है। रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है। आदेश के मुताबिक, 5 निरीक्षक और 5 उप निरीक्षक का तबादला किया गया है। एसएसपी की ओर से जारी आदेश के मुताबिक, अर्चना धुरंधर को सिविल लाइन थाना टीआई, राजेश सिंह अभनपुर टीआई को ट्रैफिक, शील आादित्य कुमार सिंह को अभनपुर टीआई, भावेश गौतम को माना टीआई बनाया गया है। इसके साथ ही वेदवती दरियो को माना टीआई से हटाकर पुलिस लाइन अटैच किया गया है। वहीं राजधानी रायपुर के अलग-अलग थानों में पांच सब इंस्पेक्टर का भी तबादला किया गया है।

आइईडी ब्लास्ट में बीएसएफ के 2 जवान घायल

कांकेर/नवप्रदेश। छग के नक्सल प्रभावित कांकेर जिले में एक बार फिर नक्सलियों ने आइईडी ब्लास्ट कर सुरक्षाबलों को निशाना बनाया है। यह ब्लास्ट जिले के अति नक्सल प्रभावित कोइलीबेड़ा क्षेत्र के चिलपरस कैंप से ढाई किलोमीटर की दूरी पर कागबरस में हुआ है। इस ब्लास्ट की चपेट में आने से बीएसएफ के दो जवान गंभीर रूप से घायल

हो गए हैं। घायल जवानों को प्राथमिक उपचार के बाद रायपुर रिफर किया गया। जानकारी के मुताबिक, बीएसएफ की टीम एरिया डॉमिनेशन के लिए सर्चिंग पर निकले हुए थे। चिलपरास कैंप से ढाई किलो मीटर की दूरी पर डूडा और कागबरस के बीच नाले में नक्सलियों ने आइईडी प्लांट कर रखा था जिसकी चपेट में आकर बीएसएफ के दो आरक्षक घायल हो गए। आरक्षक दिल्ली निवासी सुशील कुमार के चेहरे व आंख में तथा राजस्थान निवासी आरक्षक छोटू राम के दाहिने पैर व हाथ में चोट आई है। घायल जवानों का प्राथमिक उपचार कर रायपुर रिफर किया गया है। गौरतलब हो कि हाल ही में चिलपरस में बीएसएफ ने नवीन कैंप खोला है, जिससे नक्सलियों में बौखलाहट है। नक्सली लगातार इस इलाके में घटना को अंजाम दे रहे है। बीते दिनों चिलपरस कैंप से सात किलोमीटर दूर आलपरस में सड़क निर्माण कार्य में लगे 12 वाहनों में आगजनी की थी। ठेकेदार द्वारा पुलिस को बिना सूचना दिए निर्माण कार्य किया जा रहा था। कैंप खुलने के बाद से सुरक्षाबलो द्वारा लगातार इलाके में सर्चिंग की जा रही है। जिससे नक्सली बैकफुट पर हैं।

ओबीसी का मुद्दा लाकर समाज को बांट रही बीजेपी : शैलजा

- **प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक, राहुल मामले में बनाई रणनीति**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा मंगलवार दोपहर रायपुर पहुंची। यहां एयरपोर्ट में मीडिया से बात करते हुए उन्होंने केंद्र सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा- ओबीसी का मुद्दा लाकर समाज को बांटने का काम भाजपा कर रही है। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सदस्यता रद्द किए जाने के मामले में शैलजा ने कहा कि हमारे शीर्ष नेतृत्व की आवाज को दबाया जा रहा है और बीजेपी आवाज दबाने का काम कर रही है। शैलजा ने कहा मोदी सरकार बदले की भावना से हमारे शीर्ष नेतृत्व के नेताओं को परेशान करने का प्रयास कर रही है। प्रधानमंत्री साजिश कर रहें हैं, लेकिन राहुल गांधी आम जनता की आवाज बन चुके हैं। बीजेपी आम जनता की आवाज को कैसे दबाएगी? जिस तरह से उनकी सदस्यता छीनी गई, फि र उनके निवास के लिए नोटिस भेजा गया, यह पूरा देश देख रहा है। शैलजा का कहना है कि इस मामले को लेकर पूरे देश में रोष है। पूरे देश मे कांग्रेस के साथ मिलकर सभी लोग विरोध कर रहे हैं। ऐसी घटना को हम सहने वाले नहीं है। भविष्य में देशभर में लोग अपने मत से बीजेपी को जवाब देंगे। हमें न्यायपालिका पर विश्वास है। हमें देश की जनता पर विश्वास है। कांग्रेस डिफेंसिव नहीं होगी। विधानसभा चुनाव में यहां के लोग भाजपा की सोच को नकारेंगे। प्रदेश के लोग और कांग्रेस के कार्यकर्ता राहुल गांधी के साथ है।

प्रदेश कार्यकारिणी की हुई बैठक

रायपुर पहुंचने के बाद कुमारी शैलजा एयरपोर्ट से सीधे राजीव भवन बैठक लेने पहुंचीं। यहां कांग्रेस प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक सबसे पहले ली गयी। इसके बाद लगातार विधायक, जिला अध्यक्ष, मोर्चा संगठन, प्रकोष्ठ, विभाग के अध्यक्षों की बैठक चलेगी। राहुल गांधी की संसद की सदस्यता खत्म होने के बाद आगे की रणनीति पर यहां चर्चा हुई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम, शिक्षा मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, पीएचई मंत्री रुद्र कुमार, स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंह देव, राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल सहित तमाम नेता मौजूद रहे।

कलेक्टर ने दिव्यांग ग्रामीण के हाथों कराया आरो युक्त वॉटर कूलर का शुभारंभ

बलौदाबाजार/नवप्रदेश। कलेक्टर रजत बंसल ने संयुक्त जिला कार्यालय में आम जनता को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने के उद्देश्य से परिसर में दो नये आरो युक्त वॉटर कूलर की स्थापना की गयी हैं। जिसका शुभारंभ स्वयं कलेक्टर ने उपस्थित दिव्यांग धनंजय देवांगन से फ ीता कटवाकर किया। इस दौरान कलेक्टर ने आरो वाटर कूलर से पानी निकाल कर खुद पानी पिया। इस मौके पर उप संचालक समाज कल्याण अरविंद गेडाम सहित मीडिया के प्रतिनिधि गण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। गौरतलब है कि गर्मी के मौसम में सबसे आवश्यक पेयजल की सुविधा है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यालय में आने वाले आम जनता की सेवा हेतु आरो युक्त वाटर कूलर लगवाया गया है। जिले के बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम लाहोद में रहने वाले इलेक्ट्रिक मोटर धनंजय देवांगन आज काफ ी खुश थे जिनके हाथों से कलेक्टर रजत बंसल ने शीतल पेयजल सुविधा का शुभारंभ किया। धनंजय देवांगन स्वयं दिव्यांग है लेकिन समाज को बदलने की जिद ने उन्हें नई पहचान दिलाई है। आज वे जिला कलेक्टर कार्यालय में समाज कल्याण विभाग के अन्तर्गत जिलेभर से आने वाले दिव्यांगजनों के मोटर चलित ट्राईसिकल की मरम्मत करते है एवं इससे अपनी आजीविका चलाते है। अपने इस कार्य से उन्हे काफी खुशी मिलती है। वही कलेक्ट्रेट परिसर में अपनी मोटर चलित ट्राईसिकल बनवाने आए बगबुड़ा के दिव्यांग अवधराम और गाड़ाभाटा के दिव्यांग डोमार यादव को जानकर खुशी हुई कि उनका ट्राईसिकल की मरम्मत एक दिव्यांग ने ही की। साथ ही निपनिया से आई थानेस्वरी कक्षा 9वी में पढ़ती है कम सुनाई देने की समय से जूझ रही थी उन्हें समाज कल्याण विभाग द्वारा सहायक उपकरण उपलब्ध कराया गया जिससे अब वह काफ ी खुश है अब उन्हें अपनी स्कूल की पढ़ाई में किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं होती।

लखनऊ में केंद्र पर बरसे सीएम भूपेश

बोले- अदाणी की कंपनी में 20 हजार करोड़ किसका

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने मंगलवार को लखनऊ के कांग्रेस कार्यालय में प्रेस कॉन्फ्रे स कर केंद्र की बीजेपी सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार राहुल गांधी को डराने की कोशिश कर रही है। जो पूरे देश से कहता है कि डरो मत, उसे डराया जा रहा है। राहुल गांधी इस देश की मिट्टी से बने हैं, जो गिदड़ भभकी से डरने वाले नहीं हैं। राहुल गांधी ने पदयात्रा के दौरान कहा कि जब लोकसभा और राज्यसभा में बोलने नहीं दिया जा रहा है, तो वे जनता की मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे। सरकारी आवास खाली करने के सवाल पर सीएम ने कहा कि उन्हें ऐतिहासिक घर आनंद भवन से लगाव हैं। इसे वो आजादी की लड़ाई का केंद्र बनाया। इसके लिए सब कुछ न्यौछावर कर दी। पुरखों ने पूरी संपत्ति लुटा दी, उसके लिए मकान क्या चीज है। लोकसभा में जवाब नहीं दे पाए, तो संसद की सदस्यता रद्द करवा दी। अखिलेश यादव पिछड़े वर्ग से नहीं है क्या, जब अखिलेश यादव ने बंगला छोड़ा था, तो उसे गंगाजल से किसने शुद्ध कराया। मैं पिछड़ा नहीं हूं क्या, मुझे कुत्ता, बिल्ली कहा गया। नीरव मोदी, ललित मोदी कौन से पिछड़े वर्ग से आते हैं। मोदी सरनेम हर वर्ग में आते हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी से जो व्यवहार हुआ उसका सभी वर्गों ने समर्थन किया था। बीजेपी इतनी पिछड़ा वर्ग हितैषी है, तो आरक्षण बिल पास करवा दें। पार्टी के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की संसद सदस्यता लोकसभा में अदाणी का मामला उठाने के कारण गई है। बीजेपी को बताना चाहिए कि वो अदाणी का बचाव क्यों कर रही है।

गोधन न्याय योजना में लापरवाही दो आरएईओ को नोटिस जारी

रायगढ़/नवप्रदेश। बेरोजगारी भत्ता और सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण शासन की प्राथमिकता का कार्य है। इसे पूरी गंभीरता से पूर्ण करना है। इसके लिए सभी ट्रेनिंग पूरी कर ली जाए। उक्त बातें कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने समय-सीमा की बैठक में कही। उन्होंने कहा कि बेरोजगारी भत्ते में आवेदकों के पंजीयन और सत्यापन के लिए पृथक दलों का गठन कर ट्रेनिंग पूरी करने के निर्देश कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कहा कि इस पूरे काम में किसी भी स्तर पर लापरवाही नही होनी चाहिए। मुख्यमंत्री स्कूल जतन योजना से स्वीकृत भवनों के निर्माण पर चर्चा करते हुए कलेक्टर ईई आरईएस को निर्देशित किया कि जिन भवनों के मरम्मत के लिए राशि स्वीकृत हुई है उनके टेंडर जल्द लगाए। निर्माण कार्यों को अगले सत्र से पहले पूरा किया जाना है। उन्होंने इसके लिए जिला शिक्षा अधिकारी को निर्माण एजेंसी के साथ जरूरी समन्वय करने के लिए कहा। कलेक्टर ने अस्पतालों में चल रहे हमर लैब व ब्लड बैंक निर्माण पर चर्चा की तथा अन्य निर्माण कार्यों की भी विस्तार से समीक्षा की। उन्होंने सभी निर्माण एजेंसीज से कहा कि काम पूरी गति से होने चाहिए, कहीं भी रूकावट या दिक्कत आये तो तत्काल अवगत कराये, जिससे उसे दूर करते हुए निर्माण कार्यों को समय-सीमा के भीतर पूरा किया जा सके। बैठक में जल जीवन मिशन के कार्यों की भी गहन समीक्षा की। उन्होंने कहा कि पेयजल आपूर्ति अत्यंत महत्वपूर्ण कार्य है, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही नही होनी चाहिए। पीएचई के अधिकारी विशेष रूप से ध्यान दें कि कार्य समय-सीमा में पूर्ण हो तथा काम की गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं चलेगा। महिला बाल विकास विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए कहा कि गंभीर व मध्यम कुपोषित बच्चों की नियमित ट्रेकिंग करें तथा सारी जानकारी संधारित रखें। राजस्व विभाग के मामलों की भी समीक्षा इस दौरान की। उन्होंने समय-सीमा से बाहर के प्रकरणों पर एक-एक कर जानकारी ली। कलेक्टर श्री सिन्हा ने कहा कि प्रकरण समय-सीमा पर निराकृत हो यह अधिकारियों का प्रयास होना चाहिए।

पुलिस पर लाठी चार्ज व एकपक्षीय कार्यवाही का आरोपी

सुकमा/नवप्रदेश। सुकमा में एक बार फिर धार्मिक विवाद की स्थिति निर्मित हुई। जहां हिंदू मुस्लिम संगठनों में विवाद पैदा हुआ। विवाद की सूचना मिलने के बाद पुलिस दल बल के साथ पर मौके पर पहुंच मामला शांत कराने के नाम पर हिंदू युवाओं को टारगेट बना कर एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए पुलिस द्वारा लाठी चार्ज करने का आरोप सर्व हिंदू संगठन सुकमा ने लगाया हैं।पुलिस के द्वारा हिंदू समाज के युवकों पर लाठी चार्ज की घटना सोमवार की देर रात करीब 11 बजे के करीब होना बताया जा रहा हैं। जिसके बाद मंगलवार को हिन्दू समाज द्वारा सुकमा जिला बंद कराया गया। हिंदू संगठन के समर्थन में जिला भर में सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान बंद रहा। बता दे की सोमवार को देर रात राम नवमी के उपलक्ष पर हिंदू समाज द्वारा राम नवमी से पहले नगर को सजाने का काम किया जा रहा था। इसी दौरान नगर के वार्ड क्रमांक 2 व 5 में

श्री राम की तस्वीर के साथ पोस्टर में राम नगर लिखे जाने को लेकर मुस्लिम वर्ग द्वारा आपत्ति को लेकर दोनो संगठनों के बीच तनाव बढ़ गया। सुकमा नगर में राम नवमी त्यौहार के बीच यह दूसरी बार था, जब दोनो गुटों के बीच तना तनी बढ़ गया। इससे महज तीन दिन पहले भी सुकमा नगर के पटनम पारा में हिंदू संगठन द्वारा लगाए गए भगवा झंडे को लेकर विवाद खड़ा हुआ था।

मामले को लेकर सर्व हिंदू संगठन में पुलिस प्रशासन के प्रति आक्रोश नजर आया। जिसके बाद सर्व हिंदू संगठन के आह्वान पर मंगलवार को सुकमा जिला बंद रहा। इस दौरान पुलिस और हिंदू समाज दोनो के बीच कुछ देर गहमा गहमी देखा गया।

आखिर क्या है पूरा मामला

सर्व हिंदू संगठन ने अपने ज्ञापन में पुलिस द्वारा एक पक्षीय कार्यवाही का आरोप लगाया है। जिसमे रामनवमी के उत्सव में हिंदू समाज के युवकों द्वारा राठी मार्ट से लेम्पस तक डिवाइडर में फ्लैक्स एवं झंडा लगा रहे थे। जिस स्थान पर सजावट की जा रही थी वह शहीद भगत सिंह वार्ड तथा उसे राम नगर के नाम से फैलक्स जिस में भगवान राम जी का चित्र बना था जिसके नीचे *श्री राम नगर सुकमा (छत्तीसगढ़) उल्लेखित था! जिस पर कुछ मुस्लिम समाज लोगो ने आकर राम नगर क्यों लिखा है यह कहकर विवाद प्रारंभ किया।जिसकी सुचना पुलिस थाना में की गई जिसपर अतरिक्त पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण पुलिस बल के साथ आए और दोनों बात कर मामले को शांत कर दिया। हिन्दू पक्ष के लोगों जब वहा से अपने घर जाने के लिए अपनी वाहन के पास राम मंदिर के सामने पहुँचे और वाहनों में बैठे रहे थे।

असामजिक तत्वों द्वारा तनाव पैदा करने की कोशिश

वही इस पूरे मामले को लेकर सुकमा अनुविभागीय अधिकारी ने कहा की कुछ असामाजिक तत्व द्वारा दो समुदाय में तनाव पैदा करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस प्रशासन द्वारा उन्हें पहले भी समझाइश दी गई लेकिन वो अपनी हरकते बरकरार रखे इसलिए पुलिस व प्रशासन को सख्ती से पेश आना पड़ा और भीड़ को हटाया गया। किसी भी प्रकार की लाठीचार्ज नही की गई। सभी वर्गों से शांति व भाईचारा बनाये रखने की अपील की जाती है व अफ़्वाह फैलाने वाले व क़ानून का उल्लंघन करने वालों पर सख़्त कार्यवाही की जाएगी।

परमेश्वर तिलकवार,
एसडीओपी सुकमा

षड्यंत्र रूप से मंत्री के इशारे पर राम भक्तों पर लाठी चार्ज का आरोप

इस मामले को लेकर भाजपा ने सीधे तौर पर मंत्री कवासी लखमा पर आरोप लगाते हुए कहां की बीते रात हुई घटनाक्रम का कड़ी शब्दो में निंदा करता हैं। कहा की मंत्री कवासी लखमा अपने समुदाय विशेष के वोट बैंक को बचाने के लिए षड्यंत्र रूप से रामनवमी के अवसर पर पुलिस बल का सहारे लेते हुए हिंदू संगठन पर लाठी बरपाया गया। भाजपा जिला अध्यक्ष धनीराम बारसे ने कहा की पूरे घटनाक्रम में कहीं भी तनाव की स्थिति नहीं थी, पर हिन्दू समाज के लोगो को एएसपी के निर्देशानुरार अपने घर जा रहे लोगो पर बिना किसी कारण मुस्लिम समाज को खुश करने के उद्देश्य से लाठी चार्ज किया गया। इस पूरी घटनाक्रम से हिन्दू समाज उद्वेलित है। और कांग्रेस के राज में अपने साथ हुए पुलिस प्रशासन के पक्षपात व भेदभाव पूर्ण रवैये के कारण सुकमा में तनावपूर्ण स्थिति निर्मित हुआ है,जिसका जिम्मेदार कांग्रेस सरकार और पुलिस प्रशासन हैं। भाजपा संगठन सुकमा में हिंदू समाज के युवाओं पर हुए इस अत्याचार के खिलाफखड़ा हैं। मंत्री कवासी लखमा पर पुलिस प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहां की दिए गए समय सीमा के भीतर ही प्रशासन दोषियों पर कार्यवाही करें। अन्यथा भाजपा प्रदेश स्तर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा।

धनीनाराम बारसे,
भाजपा जिलाध्यक्ष सुकमा

कलेक्टर ने गंभीरता से सर्वेक्षण पूरा करने दिए निर्देश

- **बेरोजगारी भत्ता हेतु नियमों की दी जानकारी, पात्र बेरोजगार युवाओं को मिले लाभ : कलेक्टर**
- **साप्ताहिक समय सीमा की बैठक सम्पन्न, जिले में शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन की हुई समीक्षा**

कोरिया/नवप्रदेश। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह की अध्यक्षता में आज जिला कलेक्टरेट सभाकक्ष में समय सीमा की बैठक आहूत की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि आगामी 01 अप्रैल से राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में छत्तीसगढ़ राज्य सामाजिक आर्थिक सर्वेक्षण का कार्य शुरू किया जा रहा है। इस हेतु जारी गाइडलाईन के अनुसार सर्वे दल गठित कर दिया गया है, सुपरवाइजर नियुक्त कर प्रगणकों का प्रशिक्षण जारी है। उन्होंने कहा कि 30 अप्रैल तक सर्वे पूर्ण किया जाना है, समय-सीमा का ध्यान रख सर्वेक्षण सुनिश्चित करें। जिला स्तरीय अधिकारी फील्ड में जाकर स्वयं सर्वेक्षण की मॉनिटरिंग करें।

बैठक में कलेक्टर लंगेह ने महात्मा गांधी ग्रामीण औद्योगिक पार्क योजना के तहत रीपा स्थलों के सफलतापूर्वक उद्घाटन के लिए सभी को शुभकामनाएं दीं, उन्होंने कहा कि रीपा अंतर्गत गतिविधियां निरंतर संचालित रहें। महिला उद्यमियों को सहयोग करें और बेहतर कार्य हेतु प्रोत्साहन दें। गोधन न्याय योजना की समीक्षा करते हुए कलेक्टर लंगेह ने गोबर खरीदी की जानकारी ली तथा वर्मी खाद के उठाव हेतु विभागों को निर्देश दिए, उन्होंने उपसंचालक कृषि विभाग को गौठानो में निरीक्षण हेतु आरईओ को भेजे जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी शासकीय कार्यालयों में गोबर पेंट का उपयोग करें। जिले में चयनित अमृत सरोवरों के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। इस दौरान उन्होंने जिला शिक्षा अधिकारी से जिले में निर्माणाधीन स्वामी आत्मानन्द विद्यालयों के प्रगति की जानकारी ली तथा समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण ढंग से कार्य पूर्ण कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्ष सम्पदा योजना अंतर्गत पौधे रोपण की जानकारी ली तथा एसडीओ वन विभाग को समय पर कार्य पूर्ण किए जाने कहा। इस दौरान उन्होंने जिले के विद्यालय, आंगनवाड़ी केंद्रों तथा अन्य जर्जन भवनों की जानकारी ली तथा सर्व सम्बन्धितों को नियमित मॉनिटरिंग कर मरम्मत कार्य किए जाने के निर्देश दिए।

बेरोजगारी भत्ता हेतु नियमों की दी जानकारी

इस दौरान कलेक्टर लंगेह ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा राज्य के शिक्षित बेरोजगारों को प्रतिमाह 2500 रुपए प्रतिमाह की दर से 01 अप्रैल से बेरोजगारी भत्ता दिया जाना है, इस हेतु वेब पोर्टल लॉन्च कर दिया गया है। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को शासन द्वारा निर्धारित मापदण्ड एवं शर्तों, आवेदकों की पात्रता, नियमों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी।